हिन्दी दैनिक

जौनपुर, लखनऊ व भदोहीं से प्रकाशित

# देश की उपासना

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

देश के विकास में समर्पित समाज के सभी वर्गों के लिए

NEWS

dku live & dkunews24

वर्ष : 03 अंक–215 : जौनपुर, बुधवार 01 दिसंबर 2021 सान्ध्य दैनिक ( संस्करण ) पेज –4 मूल्य : 2 रूपया


## इलाहाबाद हाईकोर्ट बार एसोसिएशन चुनाव : आज मतदान : 28 पदों के लिए मतदाता डालेंगे वोट

प्रयागराज ब्यूरो : इलाहाबाद हाईकोर्ट बार एसोसिएशन चुनाव के लिए एक दिसंबर बुधवार को होने वाले मतदान की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। मतदान सुबह 9 बजे प्रारंभ होगा और शाम पांच बजे तक जारी रहेगा। बार एसोसिएशन के चुनाव में कुल 9650 मतदाता हैं। हाईकोर्ट क्रिकेट ग्राउंड पर मतदान स्थल तैयार किया गया है। यहां पर 20 से अधिक बूथ बनाए गए हैं। मतदान स्थल पर सुरक्षा के पर्याप्त इंतजाम किए गए हैं। मतदान का कार्य सीसीटीवी कैमरे की निगरानी में होगा। एल्डर कमेटी के सदस्य वरिष्ठ अधिवक्ता टीपी सिंह ने बताया कि मतदान का कार्य सुबह 9 बजे से प्रारंभ होकर 2 बजे तक होगा। इसके बाद आधे घंटे का भोजन अवकाश और फिर 2. 30 बजे से शाम 5 बजे तक मतदान होगा। सभी मतदाताओं को उनका वोटर क्रमांक, कंप्यूटर क्रमांक तथा गेट संख्या की सूचना एसएमएस के माध्यम से भेज दी गई है ताकि किसी को परेशानी न होने पाए। वरिष्ठ अधिवक्ता और महिला अधिवक्ताओं का वोट बूथ संख्या एक पर पड़ेगा। शेष मतदाताओं के लिए अलग–अलग बूथ क्रमानुसार बनाए गए हैं। सुविधा के लिए एक सूचना कक्ष भी बनाया गया है ताकि लोग मतदान से संबंधित जानकारी वहां से प्राप्त कर सकें। हर एक मतदाता को बूथ पर सीरियल नंबर बताने पर एक टोकन दिया जाएगा। इसके बाद कंप्यूटर पर उसका नाम ब्लॉक हो जाएगा ताकि कोई अन्य उसके स्थान पर वोट न डाल सके। टोकन दिखाने पर उंगली में स्याही लगाने के बाद मत पत्र दिए जाएंगे। मतपत्रों को भरने के लिए 40 कक्ष बनाए गए हैं जहां बैठकर मतदाता मतपत्र पर वोट दे सकेंगे। जिस प्रत्याशी को वोट देना है उसके नाम के सामने सिर्फ टिक का निशान बनाना है। अन्य कोई निशान बनाने पर मतदान निरस्त कर दिया जाएगा। मतपत्र लाल, नीला, नारंगी, हरा व पीले रंग का है। इन्हीं रंगों की मत पेटियां भी बनाई गई हैं। जिस रंग का मतपत्र हो, उसी रंग की मत पेटी में मतदाता को मतपत्र डालना होगा। ताकि मतपत्रों की छटाई में लगने वाले समय को बचाया जा सके। मतदान कार्य की निगरानी सीसीटीवी कैमरे और वीडियोग्राफी के जरिए की जाएगी। इसके अलावा वरिष्ठ अधिवक्ताओं की टीम भी मतदाताओं की सहायता के लिए मतदान स्थल पर उपलब्ध रहेगी। मतदान का कार्य शाम 5 बजे तक होगा। इस समय तक जो मतदाता गेट के भीतर आ चुके होंगे उन्हें मतदान की सुविधा दी जाएगी।

## रेलवे क्रासिगं के पास चाकू मारकर हत्या करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार करने का किया दावा

अयोध्या ।जिले के तेज तर्रार व युवा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अयोध्या शैलेश पाण्डेय के निर्देशन तथा पुलिस अधीक्षक नगर विजयपाल सिंह, एएसपी/क्षेत्राधिकारी नगर पलाश बंसल के निकट पर्वेक्षण मे प्रभारी निरीक्षक अरुण प्रताप सिंह अपने अधीनस्थ पुलिस कर्मियो व एसओजी प्रभारी रतन शर्मा के संयुक्त अभियान में उन्हें मुखबिर के माध्यम से सूचना मिली कि एक हत्मुया में वांछित आरोपी नामजद अभियुक्त शहनवाज उपरोक्त इस समय सहादतगंज ओवरब्रिज के पास कही जाने के लिए वाहन का इंतजार कर रहा है ।इस सूचना पर दोनो टीमो के सदस्य जब मुखबिर के बताये स्थान सहादतगंज ओवरब्रिज के पहले पहुँचे तो मुखबिर ने इशारा करके बताया कि जो व्यक्ति खड़ा है वही शहनवाज है ।इस पर पुलिस जब ओवरब्रिज के पास पहुचे कि खड़ा व्यक्ति भागने का प्रयास करने लगा इस पर पुलिस कर्मी दौड़ाकर पकड़ लिये ।पुलिस के मुताबिक पकड़े गये व्यक्ति का नाम पता पूछने पर उसने अपना नाम शहनवाज पुत्र स्व0 आफताब अहमद खान निवासी अब्बू सराय थाना कैण्ट जनपद अयोध्या बताया। तस्दीक होने पर अभियुक्त उपरोक्त को उसके जुर्म से अवगत कराते हुए गिरफ्तार किया गया ।इस घटना के सम्बन्ध मे पूछताछ करने पर पुलिस के मुताबिक आरोपी ने बताया कि बताया कि वह मृतक राहिल से अगस्त माह मे 9800 रू का मोबाईल खरीदा था जिसमे से उसने 5000 रू0 दे दिया था, शेष बचे 4800रू के लिये मृतक राहिल उससे जहाँ मिलता था शेष रूपये मागता था रूपये न देने गाली देकर अपमानित करता था ।उसने शेष 4800रू अपने विश्वास मे लेने के लिये दे दिया और अपने अपमान का बदला लेने के लिये फोन खरीदने के बहाने अपने प्लान के मुताबिक मै मृतक राहिल को गोदनहर का पुरवा रेलवे क्रासिंग पर ले गया और वही पर चाकू से गोदकर उसकी हत्या कर दी ।पुलिस ने अभियुक्त की निशादेही



पर आला कत्ल चाकू, मृतक का मोबाईल फोन, अभियुक्त के खून से सने कपड़े, बरामद करने का दावा किया ।आरोपी को गिरफ्तार करने वाले टीम में प्र0नि0 अरूण प्रताप सिंह,उ0नि0 अभिषेक त्रिपाठी,का0 चालक उत्सव सिंह,का0 मोहित तेवतिया,का0 ओमप्रकाश सिंह,का0 महेन्द्र कुमार, का0 जितेन्द्र कुमार,एसओजी / सर्विलांस टीम में प्रभारी श्री रतन शर्मा,हे0का0 अजय सिंह,का0 चन्द्रभान यादव,का0 सौरभ सिंह,का0 आनन्द प्रजापति,का0मुकेश यादव,का0 लल्लू यादव,का0 प्रियेश तिवारी शामिल रहे।

## हफ्तों से नहीं मिला हरा चारा : सूखकर रह गईं हड्डियां

जौनपुर। शाहगंज पत्रकार धनन्जय विश्वकर्मा : एक तरफ प्रदेश सरकार गोवंशों के संरक्षण का दम भरती है और दूसरी तरफ गोवंश गोशालाओं में दम तोड़ रहे हैं। करंजाकला के प्यारेपुर क्षेत्र स्थित एक गोशाला में ऐसा मामला सामने आया है, जो गोवंश संरक्षण के दावों की पोल खोल रहा है। यहां एक मृत गाय को कौवों ने नोच खाया। गोशाला में गोवंश का हाल देखकर स्थानीय लोग सिहर उठे। क्षेत्र में घूम रहे गोवंशों को आश्रय देने के लिए सरकार ने प्यारेपूर में गोशाला का निर्माण कराया था। गोशाला में लगभग 100 से अधिक गाय हैं। मंगलवार को गोशाला में मृत गाय को कौवों द्वारा नोंचे जाने की खबर लोगों को मिली। मौके पर लोग पहुंचे तो पाया कि गोशाला में मृत गाय को कौवों नोंचकर खा रहे थे। कुछ दूरी पर एक दूसरी गाय मौत से संघर्ष कर रही थी। गोशाला के एक मैदान पर खड़ी गाय सर्दी से ठिठुर रही थीं। सुबह करीब 10 बजे तक गोशाला के गेट पर ताला लगा हुआ था। गायों को खाने को कुछ नहीं दिया गया था। ग्रामीणों ने बताया कि गोशाला से दुर्गंध आ रही थी, लेकिन किसी ने भी गोशाला की ओर ध्यान नहीं दिया। बताया जाता है कि गायों को चार–चार दिन चारा नहीं दिया जाता है। नगर पालिक विभाग द्वारा इसकी देख–रेख की जा रही है। गायों के चारे–पानी को हर माह लाखों रुपये का बजट भी आ रहा है। लेकीन अधिकारी की मिली भगत से पैसों की लूट पाट की जा रही है और अधिकारी सुध नहीं ले रहे है बावजूद इसके गायों



की हालत बंद से बदतर बनी हुई है। परवीन यादव गो सेवकों ने बताया कि वो हर एक गाय के लिए 30 रूपये मिलते है जिसे गायों का देखभाल नहीं हो पाता है आपस में चंदा करके गायों के चारे–पानी का इंतजाम करते हैं। जो भूसा खरीदा जाता है उसमें मिट्टी मिली होती है। भूखी गायें इसे भी खा जाती हैं। पशु पालन विभाग गायों को लेकर पूरी तरह अनदेखा बना हुआ है। गौशाला में तैनात डॉ. आलोक चार–पांच दिन में एक बार आते हैं, जिस कारण गायों के इलाज भी ठीक से नहीं हो पाता है। वहीं नगर पालिका ईओ संतोष मिश्रा से पूछे जाने पर उन्होंने बताया की मै अभी छूटी पर हु प्रभारी से बात कर लें।

## थाना बदलापुर व महराजगंज पुलिस द्वारा मुठभेड़ में 03 शातिर लूटेरों को किया गया गिरफ्तार

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : श्री अजय साहनी, पुलिस अधीक्षक जनपद जौनपुर द्वारा जनपद में अपराध की रोकथाम व अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाएं जा रहे अभियान के तहत, अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के दिशा–निर्देशन व क्षेत्राधिकारी बदलापुर के निकट पर्वेक्षण में प्रभारी निरीक्षक बदलापुर व थानाध्यक्ष मय हमराह मु0अ0सं0–364/21 धारा–392 भादवि थाना बदलापुर जनपद जौनपुर व मु0अ0सं0–362/21 धारा–392 भादवि थाना बदलापुर जनपद जौनपुर व मु0अ0सं0–207/21 धारा–392/120बी भादवि थाना महराजगंज जनपद जौनपुर के वांछित की तलाश मे मामूर थे कि मुखबीर की सूचना पर दुगौली जाने वाले मार्ग पर पीली नदी के पास से पुलिस मुड़भेड़ में जहाँ पर अभियुक्तगणो द्वारा पुलिस पार्टी पर जान से मारने की नियत से फायर किया गया जिसमे पुलिस पार्टी द्वारा आत्म रक्षार्थ गोली चलायी गयी जिसमें तीन अभियुक्त घायल हुए जिन्हे नियमानुसार चिकित्सकीय सहायता हेतु अस्पताल भेजा गया तथा अभियोग पंजीकृत कर आवश्यक कार्यवाही की जा रही है। गिरफ्तार अभियुक्त– 1.अजय पासी उर्फ अजय सरोज पुत्र पन्ना लाल निवासी ग्राम घरवासपुर थाना महराजगंज जनपद जौनपुर। 2.भानू पुत्र रमेश निवासी ग्राम पट्टीदयाल थाना बदलापुर जनपद जौनपुर। 3.अंकित मौर्या पुत्र कृपाशंकर मौर्या निवासी ग्राम सरायबिभार थाना महराजगंज जनपद जौनपुर। आपराधिक इतिहास– 1. मु0अ0सं0–364/21 धारा–392 भादवि थाना बदलापुर जनपद जौनपुर। 2.मु0अ0सं0–362/21 धारा–392 भादवि थाना बदलापुर जनपद जौनपुर। 3. मु0अ0सं0–207/21 धारा–392/120बी भादवि थाना महराजगंज जनपद जौनपुर। 4. मु0अ0सं0–365/21 धारा–307 भादवि थाना बदलापुर जनपद जौनपुर। बरामदगी का विवरण– 1.लूटी गई मोटर साइकिल बजाज पल्सर ( दिनांक–29.11.2021 को पीली नदी के पास लूटी गई, मु0अ0स0–362/21 से सम्बन्धित। 2., 01 अवैध तमंचा 315 बोर, 01 अवैध पिस्टल 32 बोर, 01 अवैध तमंचा 12 बोर, 05 जिंदा कारतूस 315 बोर, 01 खोखा कारतूस 315 बोर, 01 खोखा कारतुस 12 बोर, 3. नगद 31500 रुपये ( दिनांक–28. 11.2021 को थाना महराजगंज अन्तर्गत हुई लूट के 14000 व शेष दिनांक 30.11.2021 को बदलापुर में हुई लूट के पैसे। गिरफ्तारी/बरामदगी करने वाली टीम– 1.श्री संजय वर्मा, प्रभारी निरीक्षक थाना बदलापुर जनपद



जौनपुर। 2.श्री संतोष कुमार राय, थानाध्यक्ष थाना महराजगंज जनपद जौनपुर। 3.उ0नि0 हरीश चन्द्र सिंह थाना महराजगंज जनपद जौनपुर। 4.उ0नि0 अवधनाथ यादव थाना बदलापुर जनपद जौनपुर। 5.उ0नि ईश्वरचन्द्र त्रिपाठी थाना बदलापुर जनपद जौनपुर। 6. हे0का0 विरेन्द्र कुमार वर्मा, हे0का0 शैलेन्द्र यादव, का0 दिग्विजय यादव, का0 पंकज कुमार मौर्या, का0 शिवम कुमार थाना बदलापुर जनपद जौनपुर। 7.हे0का0 अमित कुमार, का0 अमरनाथ तिवारी, का0 हरेन्द्र राजभर, का0 चालक अर्जुन यादव थाना महराजगंज जनपद जौनपुर।

## जनप्रतिनिधियों के सारे वादे हवा–हवाई : किसान परेशान

जौनपुर। शाहगंज पत्रकार धनन्जय विश्वकर्मा : जनपद में पर्याप्त मात्रा में खाद आने के प्रशासन और जनप्रतिनिधियों के दावे हवा हवाई साबित हो रहे हैं। लगातार आवक के बाद भी डीएपी खाद के लिए सुबह से ही किसानों की लंबी–लंबी लाइन लग रही हैं। किसान परेशान हैं। शुक्रवार को सुबह में सहकारी समिति कोठवार बाजार स्थित पर डीएपी होने की जानकारी के बाद सुबह समिति खुलने के पहले ही बाहर सैकड़ों किसान जमा हो गए। बाद में अधिकारी की मौजूदगी में भी सहकारी समिति के दुकानदार को खाद का वितरण करने में पसीने छूट गए। जनपद में डीएपी खाद का संकट कम होने का नाम ही नहीं ले रहा है। जहां देखों किसानों की लाइन लग रही है। किसान खाद के लिए रात भर जाग रहा है। जिस दुकान पर खाद उपलब्ध होने की जानकारी मिलती है वहां किसानों की लाइन लग रही है। प्रशासन खाद की सावधानी पूर्वक बिक्री कराने के लिए पूरी ताकत झोंक रहा है लेकिन पर्याप्त मात्रा में खाद न होने से किसानों की परेशानी समाप्त होने का नाम नहीं ले रही है। शुक्रवार को कोठवार बाजार में सहकारी समिति पर डीएपी उपलब्ध होने की जानकारी के बाद दुकान खुलने से पहले ही आसपास के गांवों के किसान दुकान के बाहर खाद की जुगत में लाइन में लग गए थे। बाद में ब्लॉक अधिकारी के मौजूदगी में दुकानदार ने खाद विक्रय किया लेकिन भीड़ के कारण अव्यवस्था बनी रही। किसानों की लंबी लाइन लगी होने से किसान और अधिकारी दोनों परेशान रहे। अमर उजाला संवाददाता से बातचीत करने पर किसानों ने अपनी पीड़ा व्यक्त की। सोहन यादव, जंगीपुर कला खाद के लिए




कभी पतहना जाता हूं तो कभी जासोपुर, लेकिन डीएपी नहीं मिल पा रही है। इससे बहुत परेशानी हो रही। मनोज, हरिहरपुर खाद न मिल पाने से फसल की बुवाई नहीं हो पा रही है। बुवाई का समय निकलने के बाद यदि खाद मिल भी गई जो कोई लाभ नहीं होगा। विनय, सुल्तानपुर गौर खाद के लिए कई दिनों से समिति के चक्कर लगा रहे हैं लेकिन सचिव खाद न होने की बात कहकर हमें टालता आ रहा है मोतीलाल, कोठवार विभागीय दस्तावेजों में खाद का भंडार, फिर भी किल्लत बरकरार सुबह से लेकर शाम तक खाद की तलाश में भटक रहे हैं। किसान डीएपी को लेकर अधिकारी भले ही करंजाकला के सभी सहकारी समितियों पर पर्याप्त खाद का भंडार होने का दावा कर रहे हों, लेकिन धरातल पर स्थिति कुछ और ही है। शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में अधिकांश दुकानों पर खाद नहीं मिल रही है। किसान अन्य ब्लॉक तहसील व जिला मुख्यालय तक खाद के लिए भटक रहे हैं और मायूस होकर वापस लौट जाते हैं। किसानों का कहना है कि समय पर खाद न मिली तो फसल की बुवाई नहीं कर सकेंगे ।करंजाकला के समितियों पर खाद को लेकर अजीबोगरीब स्थिति बनी हुई है। यहां पर किसान खाद के लिए दर–दर भटक रहा है, लेकिन खाद नहीं मिल पा रहा है। जबकि जिम्मेदार अधिकारी पर्याप्त मात्रा में खाद होने का दावा कर रहे हैं। वहीं, खाद की दुकानों पर लग रही भीड़ स्थिति खुद ही बयां कर रही है। शुक्रवार को सुबह से ही अधिकांश किसान खाद की उम्मीद लेकर सहकारी समितियों पर लाइन में लग गए। नौ व दस बजे समिति खुलने पर समिति के सचिव ने बताया कि खाद नहीं है, जिसके बाद किसान दुकानों पर उम्मीद लेकर पहुंचे, वहां भी खाद नहीं मिली।

## आज से 24 घंटे के लिए बंद रहेगा बाबा विश्वनाथ का दरबार : लोकार्पण कार्यक्रम की तैयारियां जोरों पर

वाराणसी ब्यूरो : श्री काशी विश्वनाथ मंदिर की साफ–सफाई और एनामेल पेंट हटाने के लिए बाबा का दरबार 29–30 नवंबर को 12–12 घंटे की बंदी के बाद अब एक दिसंबर को 24 घंटे के लिए बंद रहेगा। इधर, मंदिर बुधवार से 24 घंटे बंद होने की खबर मिलने के बाद लोग मंगलवार को ही दर्शन करने पहुंचे। यहां लोगों की लंबी लाइन लगी रही। मुख्य कार्यपालक अधिकारी सुनील कुमार वर्मा ने बताया कि 29 और 30 नवंबर को सुबह छह बजे से शाम छह बजे तक बंद रहने के बाद अब एक दिसंबर को 24 घंटे के लिए मंदिर को बंद रखा जाएगा। 13 दिसंबर को होने वाले लोकार्पण कार्यक्रम के लिए मंदिर की साफ–सफाई व दीवारों के जीर्णोद्धार के लिए ही यह निर्णय लिया गया है। सुनील वर्मा ने बताया कि इस दौरान बाबा की आरती, पूजन व विधान अपने नियमानुसार संपन्न होंगे।

## आवश्यक सूचना

आप सभी पाठक बन्धुओं से अनुरोध है कि आनलाइन समाचार पत्र पढ़नें और ई–पेपर का लाभ लेने हेतु हमारे निम्नांकित वेबसाइट एवं न्यूज पोर्टल - dkulive चैनल पर सम्पर्क कर लाभ उठायें–

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

–संपादक

## प्रो0दीपक पठानिया को मिलेगा रसायन विज्ञान में डी. एससी की उपाधि

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के उमानाथ सिंह इंजीनियरिंग संस्थान के पूर्व संकायध्यक्ष एवं रसायन विज्ञान घविभाग के अध्यक्ष प्रोफेसर अशोक कुमार श्रीवास्तव के संरक्षण में प्रो.दीपक पठानिया, डीन अकादमिक मामले, एस वी पी सी विश्वविद्यालय, मंडी, हिमाचल ने डी.एससी की उपाधि की प्रक्रिया पूरी की।



2021 के 25 वें दीक्षांत समारोह में यह उपाधि उन्हें उत्तर प्रदेश के राज्यपाल एवं कुलाधिपति माननीय श्रीमती आनंदीबेन पटेल के हाथों मिलेगी। उनके अनुसंधान का विषय थाकार्सिनोजेनिक प्रदूषकों के सोखना–फोटोकैटलिटिक गिरावट और बैक्टीरियल प्रदर्शन की निष्क्रियता के लिए बायोचार समर्थित नैनोकम्पोजिट्स का हरित संश्लेषण। उन्हें यह उपाधि रसायन विज्ञान विषय में मिलेगी। यह डी.एससी. पूर्वांचल विश्वविद्यालय के परिसर से प्रदान की जाने वाली रसायन विज्ञान में पहली डिग्री होगी। प्रोफेसर श्रीवास्तव ने बताया कि अनुसंधान के इस टॉपिक से कैंसर रोगियों के इलाज में काफी मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि इस अनुसंधान को प्रोफेसर पठानिया ने पेटेंट भी करा लिया है। प्रोफेसर अशोक श्रीवास्तव के संरक्षण में यह अनुसंधान एक अलग तरह का अनुसंधान है। जो चिकित्सा के क्षेत्र में मील का पत्थर साबित होगी। गौरतलब है कि युवा वैज्ञानिक पठानिया के अब तक 160 से अधिक शोध कार्य विभिन्न अंतरराष्ट्रीय और राष्ट्रीय वैज्ञानिक पत्रिकाओं में प्रकाशित हुए हैं। 21 अध्याय अलग–अलग किताबों में लिख चुके हैं। उनकी 14 पुस्तकें, 17 पीएचडी, 14 एमफिल और 42 एमएससी विद्यार्थियों को उनके शोध कार्य और शोध प्रोजेक्ट्स में गाइड करने के साथ लगभग डेढ सौ सम्मेलनों में अपने शोध पत्र प्रस्तुत कर चुके हैं। वर्तमान में वे कई विश्वविद्यालयों में बोर्ड ऑफ स्टडीज और विभिन्न कमेटियों के अध्यक्ष और सदस्य हैं। वे जम्मू केंद्रीय विश्वविद्यालय में विज्ञान संकाय के डीन और शिक्षक संघ के प्रधान भी रहे।

## झंगहा पुलिस ने दोहरे हत्याकांड के तीन और आरोपियों को दबोचा

गोरखपुर मण्डल प्रभारी आशुतोष चौधरी : झंगहा के जददुपुर गांव में बीते रविवार को हुई दो लोगो की हत्या की घटना में एसएसपी डॉ विपिन ताड़ा के आदेश व एसपी नार्थ मनोज कुमार अवस्थी व सीओ चौरीचौरा डॉ अखिलानंद उपाध्याय के निर्देशन में झंगहा के प्रभारी निरीक्षक संतोष कुमार अवस्थी व उनकी टीम को हत्यारोपियों की गिरफ्तारी में बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने दोपहर में नई बाजार से हत्यारोपी शैलेश, अमरनाथ व सुनील को गिरफ्तार कर लिया है। तीनो कही बाहर भागने के फिराक में थे। इससे पहले पुलिस ने दो आरोपितों को जेल भेज चुकी है।

### हत्या की दोषी पत्नी और प्रेमी को आजीवन कारावास : 2010 में दिया था वारदात को अंजाम

वाराणसी ब्यूरो : मिर्जापुर के अहरौरा थाना क्षेत्र के गड़ई नदी के पास दस वर्ष पूर्व हत्या कर फेंके युवक के शव मामले में अदालत ने दोषसिद्ध पाते हुए हत्यारोपी पत्नी और उसके प्रेमी को आजीवन कारावास की सजा सुनाई।



अहरौरा क्षेत्र के हुसैनीपुर गांव के सीवान में गड़ई नदी स्थित रपटा पर 14 सितंबर 2010 की दोपहर को बोरे में सिर कटा एक शव मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल शुरू की। 16 सितंबर को मृतक युवक की मां कलावती ने उसकी निशानदेही की। उन्होंने बताया कि उनका पुत्र जयमूरत घाटमपुर में पत्नी मंजू के साथ किराए के मकान में रहता था। उन्होंने शक के आधार पर मंजू देवी और राजकुमार बिंद के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कराया। पड़ताल में पता चला कि मंजू के राजकुमार बिंद से प्रेम संबंध है। दोनों ने मिलकर हत्या की है। पुलिस ने विवेचना कर आरोप पत्र दाखिल किया। गवाहों के बयान और साक्ष्य के आधार पर अपर सत्र न्यायाधीश जितेंद्र मिश्रा की अदालत ने जयमूरत की पत्नी मंजू देवी और उसके प्रेमी राजकुमार बिंद को आजीवन कारावास की सजा सुनाई।


facebook YouTube WhatsApp twitter Instagram


–सुविचार–

दुनियां आपके ' उदाहरण' से बदलेगी, आपकी 'राय' से नहीं–

–साभार ज्ञानामृत पत्रिका

## सम्पादकीय

# वायु प्रदूषण के धुंध में शासन और बेदम लोग

खराब वायु गुणवत्ता के दुष्प्रभाव होते हैं। सितंबर 2021 में विश्व स्वास्थ्य संगठन ने खुलासा किया कि वायु प्रदूषण दुनिया भर में 70 लाख से अधिक असामयिक मौतों का कारण था। इनमें से करीब 25 फीसदी मौतें भारत में होती हैं। ग्लोबल बर्डन ऑफ डिजीज स्टडी–2019 के अनुमानों के अनुसार, वायु प्रदूषण भारत में 17 लाख से अधिक मौतों का कारण है–यानी एक घंटे में 1,900 से अधिक मौतें।

दो भारत हैं! एक वह जो वायु प्रदूषण के खत्म होने का अंतहीन इंतजार कर रहा है और दूसरा वह, जो इस मुद्दे को हल करने में हमेशा से लगा रहा है और इसकी शर्मनाक बढ़ोतरी पर पनप रहा है। शासन द्वारा कामकाज का परित्याग अब सरकारों की रणनीति का हिस्सा है। अप्रत्याशित रूप से बुधवार को देश के प्रधान न्यायाधीश ने कहा कि 'नौकरशाही जड़ता में चली गई है' और अदालतों के निर्देश की प्रतीक्षा कर रही है। उन्होंने कहा कि इतिहास पहले खुद को त्रासदी और फिर तमाशे के रूप में दोहराता है। वायु प्रदूषण की कहानी केवल प्रणालीगत विफलताओं की झांकी है।

वर्ष 2000 में सरकार ने संसद में स्वीकार किया था कि 'महानगरों में वायु प्रदूषण आर्थिक गतिविधियों, शहरीकरण और औद्योगिकीकरण में वृद्धि को प्रदर्शित करता है।' वर्ष 2008 में, सरकार ने संसद को सूचित किया कि केंद्रीय और राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्डों द्वारा वायुमंडलीय वायु गुणवत्ता की निगरानी की जाती है और उपायों की प्रभावकारिता निर्धारित करने के लिए आंकड़े प्रसारित किए जाते हैं।

आपको लगता होगा कि शुरुआती चेतावनियां और निगरानी मायने रखती हैं। लेकिन वर्ष 2015 में जाकर 'वायु आपातकाल' शब्द प्रचलन में आया। दिसंबर, 2015 में प्रकाश जावड़ेकर ने कृषि अपशिष्ट (पराली) निपटान, कचरा जलाने, लैंडफिल, निर्माण, परिवहन उत्सर्जन आदि से पार्टिकुलेट सामग्री के उत्सर्जन और घातक स्तर, दोनों उत्पन्न करने वाले कारकों से निपटने के लिए वायु अधिनियम की धारा 18 के तहत 39 कदमों की घोषणा की।

यह योजना कैसी रही? इसका उत्तर है, निगरानी और कार्यान्वयन, दोनों ही उपाय पूरी तरह सफल नहीं हुए। वर्ष 2017 में स्कूल बंद करने पड़े, विदेशी राजनयिकों ने विरोध किया और अंतरराष्ट्रीय उड़ानें रोक दी गईं। वर्ष 2019 में आपातकालीन उपायों की घोषणा की गई और क्रिकेट खिलाड़ियों ने मास्क पहनकर प्रशिक्षण लिया। वर्ष 2021 में एक ग्रेडेड रेस्पॉन्स ऐक्शन प्लान लागू है, फिर भी आपात स्थिति है।

दो दशक बाद ऐसा लगता है कि कुछ नहीं बदला है। और एक बार फिर दो भारत हैं। एक दिल्ली है, जिस पर राष्ट्रीय राजनेता ध्यान देते हैं और दूसरा शेष भारत है, जो चुपचाप पीड़ित है। दिल्ली का खास भूगोल स्पष्ट रूप से एक राष्ट्रीय समस्या की भयावहता को उजागर करता है।

अगस्त, 2021 में सरकार ने 1,114 निगरानी केंद्रों का आंकड़ा संसद में साझा किया, जो बताता है कि 132 शहर पीएम (पार्टिकुलेट मैटर) के स्तर के मामले में राष्ट्रीय वायु गुणवत्ता मानक पर खरा नहीं उतरते। इनमें से 17 शहर उत्तर प्रदेश के हैं और 23 महाराष्ट्र के। दिल्ली, कानपुर, मुरादाबाद, गाजियाबाद, अमृतसर, लुधियाना, आगरा जैसे 50 से अधिक शहरों ने 100 माइक्रोग्राम प्रति क्यूबिक मीटर से ऊपर पीएम स्तर की सूचना दी, जो कि 31 माइक्रोग्रामध एम3 के स्वीकार्य मानक से तीन गुना अधिक है। रविवार को उत्तर प्रदेश के 37 से अधिक शहरों में पीएम 10 का स्तर 100 से अधिक दर्ज किया गया, जो कि पीएम के सामान्य स्तर का तीन गुना है।

खराब वायु गुणवत्ता के दुष्प्रभाव होते हैं। सितंबर 2021 में विश्व स्वास्थ्य संगठन ने खुलासा किया कि वायु प्रदूषण दुनिया भर में 70 लाख से अधिक असामयिक मौतों का कारण था। इनमें से करीब 25 फीसदी मौतें भारत में होती हैं। ग्लोबल बर्डन ऑफ डिजीज स्टडी–2019 के अनुमानों के अनुसार, वायु प्रदूषण भारत में 17 लाख से अधिक मौतों का कारण है–यानी एक घंटे में 1,900 से अधिक मौतें।

वर्ष 1998 के बाद से पेश किए गए सबूतों के बावजूद एक के बाद एक आने वाली सरकार ने प्रदूषण और मौतों के संबंध को नकारने का काम किया है। जैसा कि अगस्त, 2021 में संसद में फिर बताया गया कि 'खासकर वायु प्रदूषण से होने वाली मृत्यु/बीमारी का सीधा संबंध स्थापित करने के लिए देश में कोई निर्णायक आंकड़ा उपलब्ध नहीं है।'

हवा की गुणवत्ता जमीनी स्तर पर नीतियों के फासले को दर्शाती है। अनिवार्य रूप से, यह सभी क्षेत्रों में नीतियों और क्षमता निर्माण को साथ लाने का आह्वान करता है, ताकि गैसों के उत्सर्जन और पर्टिकुलेट मैटर के उत्पादन, दोनों को कम किया जा सके। मसलन, पराली निपटान कृषि उपज को प्रभावित करता है, पर किसानों को विकल्पों की आवश्यकता होती है। बैकवर्ड और फॉरवर्ड लिंकेज बनाने (पराली को दूसरे क्षेत्र की उत्पादन गतिविधियों में उपयोग) के लिए स्टार्ट–अप इको सिस्टम का लाभ क्यों नहीं उठाया जाता?

शहरीकरण (निर्माण के गंदे परिदृश्य से लेकर आवागमन की निरंकुशता तक) वायु प्रदूषण का एक स्पष्ट कारण है। क्या हर भारतीय को घंटों जाम में फंसने के लिए मजबूर होना चाहिए? व्यक्तिगत परिवहन की आवश्यकता जन परिवहन प्रणालियों की कमी के कारण होती है। अब कोमा में चले गए 'स्मार्ट सिटीज' पहल को फिर से आकार देने पर इसका समाधान निकल सकता है।

कोयला आधारित ताप विद्युत संयंत्रों पर शहरों की निर्भरता भी एक मुद्दा है। यदि संयंत्रों को बंद करना है, तो इनका विकल्प लाने की जरूरत है। अब जब भारत नवीकरणीय ऊर्जा को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है, तो रूफटॉप सोलर को क्यों न प्रेरित करें, मेगावाट के बजाय प्रति/किलोवाट के संदर्भ में सोचें और घरों और शहरी वाणिज्यिक स्थानों के लिए ऑफ–ग्रिड समाधानों को प्रोत्साहित करें।

खराब वायु गुणवत्ता का नतीजा व्यक्तिगत स्वास्थ्य तक सीमित नहीं है। इसका अर्थव्यवस्था की सेहत पर असर पड़ता है, नतीजतन संभावित विकास भी प्रभावित होता है। ब्रिटेन स्थित गैर–लाभकारी स्वच्छ वायु कोष, प्रबंधन फर्म डालबर्ग एडवाइजर्स और भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) के एक अध्ययन का अनुमान है कि वायु प्रदूषण के प्रभाव से अर्थव्यवस्था को सकल घरेलू उत्पाद के तीन प्रतिशत या लगभग सात लाख करोड़ रुपये से अधिक का नुकसान होता है।

ऐसा नहीं है कि समस्या नई है या समाधान पता नहीं। सफलता के लिए स्पष्ट राजनीतिक इच्छाशक्ति वाला चौंपियन चाहिए, जो स्वच्छ हवा के लिए संघर्ष करे। पिछले हफ्ते सुप्रीम कोर्ट से कहा गया था कि बारिश से हवा साफ हो सकती है। स्वच्छ हवा और अच्छे स्वास्थ्य का सार्वजनिक अधिकार मौसम की दया या वरुण देव की प्रार्थना पर नहीं छोड़ा जा सकता।

ये लेखक के अपनें विचार हैं।

# कड़ा घमासान सबका इम्तिहान : पिछले चुनाव की तरह एकतरफा नजर नहीं आ रहा माहौल

लखनऊ ब्यूरो : महर्षि वशिष्ठ की तपस्थली मखौड़ा, तथागत बुद्ध की क्रीड़ास्थली कपिलवस्तु और संत कबीर की महिमास्थली मगहर से आलोकित बस्ती मंडल में पिछले विधानसभा चुनाव में भाजपा की जबर्दस्त लहर चली। यहां सपा और बसपा का सूपड़ा साफ हो गया। मंडल की 13 सीटों में से भाजपा ने 12, तो एक सीट उसके सहयोगी अपना दल (सोनेलाल) ने जीत ली। उस समय कैसी बयार बह रही थी, इसका अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि छह बार विधायक रहे तत्कालीन विधानसभा अध्यक्ष माता प्रसाद पांडेय को आखिरी चुनाव की दुहाई भी नहीं बचा पाई। 2019 के लोकसभा चुनाव में भी भाजपा डुमरियागंज, बस्ती और संत कबीरनगर से अपने प्रत्याशी जिताने में कामयाब रही। पर, अब हालात पिछले विधानसभा चुनाव की तरह एकतरफा नजर नहीं आ रहे हैं। कम अंतर से चुनाव जीते कई विधायकों का पूरा दारोमदार ध्रुवीकरण के समीकरण पर टिका नजर आ रहा है। प्रदेश में भाजपा सरकार बनी तो बस्ती मंडल से तीन मंत्री बनाकर इलाके को भरपूर अहमियत दी गई। सिद्धार्थनगर के बांसी से विधायक जयप्रताप सिंह को कैबिनेट, इसी जिले की इटवा से विधायक डॉ. सतीश चंद्र द्विवेदी और धनघटा (संत कबीरनगर) से श्रीराम चौहान को राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) बनाया गया। बस्ती व सिद्धार्थनगर को मेडिकल कॉलेज व कई लंबी सड़कों के साथ मंडल को कई सौगातें मिलीं। पर, इस सबके बावजूद कई विधायकों व मंत्रियों के खिलाफ नाराजगी के स्वर सुनाई दे रहे हैं। परदे के पीछे हिंदू युवा वाहिनी और भाजपा के बीच की खींचतान भी लोगों की जुबान पर है। संत कबीरनगर में पूर्व सांसद व विधायक के बीच जूता कांड के तीन वर्ष बीतने के बावजूद ठाकुरवाद–ब्राह्मणवाद की भड़की चिंगारी अभी ठंडी नहीं हुई है। मंडल में ब्राह्मण चेहरे के रूप में उभरे संत कबीरनगर के पूर्व सांसद शरद त्रिपाठी की मृत्यु हो चुकी है, तो बस्ती के सांसद हरीश द्विवेदी का कद तेजी से बढ़ा है। वह संगठन में राष्ट्रीय मंत्री के साथ बिहार के प्रभारी बन चुके हैं। डुमरियागंज में सांसद जगदंबिका पाल की चिर–परिचित अंदाज की सियासत जारी है। वहीं, संत कबीरनगर में निषाद पार्टी के नेता संजय निषाद बेटे प्रवीण निषाद को सांसद बनवाने और खुद एमएलसी बनने के बावजूद सीटों की सौदेबाजी को लेकर हर चौराहे पर चर्चा के केंद्र में हैं। विधानसभा चुनाव से पहले की सियासी तस्वीर ये है कि बिना विपक्ष के प्रत्याशी फाइनल हुए ही कई मौजूदा विधायकों के टिकट काटे जाने की चर्चा आम है। एक–एक सीट पर कई–कई लोग टिकट के लिए परेशान हैं। जातिवाद, नाराजगी व भितरघात की बनती पृष्ठभूमि में कई सीटों पर कांटे की टक्कर की जमीन तैयार होती नजर आ रही है। यह बात अलग है कि टिकट की मारामारी विरोधी दलों में भी काफी है। दलबदल रुके तब तो साफ हो सियासी तस्वीर। 2017 के विधानसभा चुनाव के बाद से ही मंडल में दलबदल का दौर जारी है। बस्ती के हर्रैया से पिछला चुनाव सपा से लड़े पूर्व मंत्री राज किशोर सिंह लोकसभा चुनाव में कांग्रेस में चले गए थे। अब वह हाथी पर सवार हो चुके हैं। इसी तरह कप्तानगंज से बसपा प्रत्याशी रहे पूर्व विधायक राम प्रसाद चौधरी साइकिल का हैंडल थाम चुके हैं। संत कबीरनगर में भाजपा के एक विधायक का भाई सपा से टिकट मांग रहा है, तो सिद्धार्थनगर के एक पूर्व विधायक का भाई बसपा में लाइन लगाए है। बस्ती मंडल में कुर्मी और निषाद जातियों का कई सीटों पर अच्छा प्रभाव है। सपा और भाजपा दोनों ही इसे साधने के लिए हर कोशिश में लगे हैं। सपा ने राम प्रसाद चौधरी को गले लगा लिया तो भाजपा ने संजय चौधरी को जिला पंचायत अध्यक्ष बना दिया है। बस्ती : बंद पड़ी हैं चीनी मिलें। अयोध्या में राममंदिर निर्माण शुरू हुआ तो पड़ोस के बस्ती का भी रंग–रूप बदलने लगा है। यहां तेजी से बहुमंजिला भवन आकार लेने लगे हैं। जमीन की कीमतें बढ़ गई हैं। वहीं, होटल और उद्योग के लिए जमीन तलाशने वालों की आवाजाही भी बढ़ गई है। यानी तस्वीर बदल रही है। पर, एक स्याह तस्वीर यह भी है कि बस्ती व वाल्टरगंज की चीनी मिलें बंद पड़ी हैं जिससे रोजगार के अवसर नहीं बढ़ पा रहे हैं। मुंडेरवा के राम अवतार कहते हैं, बेशक बड़ी सड़कों का काम हुआ है। हालात बदले हैं। पर, गांवों को जोड़ने वाली सड़कों का बुरा हाल है। ऊंचगांव जमोहे से लेकर बस्ती–गोरखपुर हाईवे तक की सड़क खराब पड़ी है। वहीं हर्रैया के उमानाथ पांडेय कहते हैं, ईमानदारी से कहें तो पहले के मुकाबले सड़क, स्कूल व बिजली के काफी काम हुए हैं। पर, मुद्दों से ज्यादा चुनाव में प्रत्याशी कौन है, यह मायने रखता है। संत कबीरनगर : नए उद्योग लगे नहीं, बंद हो रहे पुराने। खलीलाबाद के हीरालाल रामनिवास पीजी कॉलेज में असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. अमरनाथ पांडेय संत कबीरनगर के औद्योगिक क्षेत्र के रूप में विकसित नहीं हो पाने पर सवाल उठाते हैं। वह कहते हैं, नए उद्योग तो लग नहीं रहे, पुराने भी या तो बंद हो गए या बंदी जैसे हालात में हैं। क्षेत्रीय गांधी आश्रम बंदी की कगार पर है। कभी यह गोरखपुर और बस्ती मंडल का बड़ा केंद्र हुआ करता था। मगहर की सूती मिल बंद पड़ी है। यहां कभी 500 से लेकर 800 तक कर्मचारी काम करते थे। खलीलाबाद की चीनी मिल और डालडा फैक्टरी भी बंद हैं। जिला गठन के ढाई दशक बीत चुके हैं, लेकिन मुख्यालय पर आज तक बस अड्डा नहीं बन पाया। जिला मुख्यालय से मेंहदावल व धनघटा को जोड़ने वाली सड़कें बेहद खराब हालत में हैं। घाघरा और राप्ती की बाढ़ की समस्या से भी निजात नहीं मिल पाई। बहरहाल मगहर में अकादमी का निर्माण हो रहा है, जिससे पर्यटन की दृष्टि से विकास की उम्मीद बढ़ी है। पर, इसे कुशीनगर के गौतमबुद्ध स्थली की तरह विकसित करने की जरूरत है। इसी तरह, 29 वर्ग किलोमीटर में फैली बखिरा झील विकसित की जाए तो बड़ा पर्यटक केंद्र बन सकती है। डॉ. पांडेय कहते हैं, चिंताजनक बात ये है कि जनप्रतिनिधि चुनाव खत्म होते ही इन मुद्दों से मुंह मोड़ लेते हैं। सिद्धार्थनगर : पर्यटन स्थल के रूप में विकसित हो कपिलवस्तु। भगवान बुद्ध की जन्मस्थली कपिलवस्तु पर्यटन की दृष्टि से विकसित नहीं हो पाया। यहां के जमशेद खान बताते हैं, कपिलवस्तु में अच्छे होटलों की कमी है। हेलीपैड बना है, लेकिन एयर बस सेवा नहीं शुरू हो सकी। शहर से कपिलवस्तु जाने वाली सड़क तो चौड़ी होनी ही चाहिए। बाढ़ की समस्या से निजात दिलाने के लिए तीन दशक पहले जलकुंडी परियोजना बनी थी, पर ठंडे बस्ते में चली गई। बाढ़ के कारण शोहरतगढ़, कपिलवस्तु, डुमरियागंज, बांसी एवं इटवा क्षेत्र के लोग प्रभावित होते हैं। जिले में उद्योग बढ़ें तो रोजगार के अवसर बढ़ें। डुमरियागंज, शोहरतगढ़, इटवा गन्ने का क्षेत्र है। चीनी मिल शुरू हो तो किसानों की तरक्की का रास्ता साफ हो सकता है। कपिलवस्तु, शोहरतगढ़ में काला नमक धान की खेती होती है। काला नमक धान या चावल की खुशबू न उड़ जाए, इसलिए इन्हें एयरकंडीशंड हॉल में रखने की जरूरत होती है। बांसी क्षेत्र के खेसरहा में सीएफएससी निर्माणाधीन है, जिसमें एयरकंडीशंड गोदाम और कुटाई की सुविधा होगी। किसान चाहते हैं कि ऐसी कई सीएफसी की और जरूरत है। काला नमक चावल का न्यूनतम समर्थन मूल्य तय किया जाए। वहीं, नहरों की सफाई हो तो किसानों को महंगा डीजल खरीदकर सिंचाई से मुक्ति मिले। बस्ती (5 सीटें) बस्ती सदर : भाजपा के दयाराम चौधरी विधायक हैं। 2012 में बसपा के जीतेंद्र उर्फ नंदू चौधरी ने कांग्रेस से मैदान में उतरे जगदंबिका पाल के बेटे अभिषेक पाल को शिकस्त दी थी। जगदंबिका पाल ने 1993 से 2002 तक लगातार तीन बार जीत दर्ज की थी। जातिगत समीकरण : ब्राह्मण करीब 55 हजार, कुर्मी 37 हजार, यादव 28 हजार, क्षत्रिय 25 हजार, वैश्य 15 हजार, कायस्थ 13 हजार, भूमिहार 7 हजार और मुस्लिम 43 हजार। हर्रैया : भाजपा के अजय सिंह ने 2017 में सपा के राजकिशोर सिंह को हराकर यहां भगवा परचम लहराया। राजकिशोर इस सीट पर 2002 में बसपा और उसके बाद के दो चुनावों में सपा से जीत चुके थे। जातिगत समीकरण : ब्राह्मण करीब 60 हजार, कुर्मी 45 हजार, क्षत्रिय 40 हजार, यादव 25 हजार, चौहान 16 हजार, अनुसूचित जातियां 70 हजार, कायस्थ 5 हजार और मुस्लिम 27 हजार। कप्तानगंज : भाजपा के चंद्रप्रकाश शुक्ल ने 2017 में बसपा से उतरे पूर्व विधायक राम प्रसाद चौधरी को शिकस्त दी। रामप्रसाद चौधरी इस सीट से लगातार पांच बार विधायक रहे। 1993 में वह सपा, 1996 में बसपा, 2002 में भाजपा, 2007 और 2012 में बसपा के टिकट पर जीते थे। जातिगत समीकरण : कुर्मी करीब 69 हजार, ब्राह्मण 43 हजार, यादव 25 हजार, क्षत्रिय 20 हजार, राजभर 13 हजार, मौर्य 10 हजार, वैश्य 9 हजार, अनुसूचित जातियां 70 हजार और मुस्लिम 40 हजार। रुधौली : भाजपा के संजय प्रताप जायसवाल विधायक हैं। संजय 2012 में कांग्रेस से जीते थे। जातिगत समीकरण : कुर्मी करीब 73 हजार, ब्राह्मण 41 हजार, यादव 29 हजार, क्षत्रिय 21 हजार, अनुसूचित जातियां 75 हजार और मुस्लिम 90 हजार। महादेवा (सु.) : भाजपा के रवि सोनकर यहां से विधायक हैं। 2012 में सपा के रामकरन आर्य जीते थे। जातिगत समीकरण : कुर्मी करीब 59 हजार, यादव 28 हजार, ब्राह्मण 20 हजार, क्षत्रिय 18 हजार, निषाद 14 हजार, अनुसूचित जातियां 80 हजार और मुस्लिम 39 हजार। संत कबीरनगर (तीन सीटें) खलीलाबाद : भाजपा के दिग्विजय नारायन उर्फ जय चौबे यहां से विधायक हैं। 2012 में यहां से पीस पार्टी के डॉ. अयूब जीते थे। जातिगत समीकरण : यादव करीब 50 हजार, कुर्मी 32 हजार, ब्राह्मण 30 हजार, वैश्य 25 हजार, मौर्या 12 हजार, क्षत्रिय 10 हजार, निषाद आठ हजार, अनुसूचित जातियां 83 हजार और मुस्लिम 1.35 लाख। धनघटा (सु.) : केंद्र में अटल बिहारी वाजपेयी सरकार में मंत्री रहे श्रीराम चौहान यहां से विधायक हैं। चौहान प्रदेश सरकार में उद्यान, कृषि विपणन राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) हैं। जातिगत समीकरण : ब्राह्मण करीब 57 हजार, यादव 56 हजार, क्षत्रिय व चौहान 40–40 हजार, कुर्मी 27 हजार, निषाद 15 हजार, मौर्य आठ हजार, अनुसूचित जातियां 54 हजार और मुस्लिम 45 हजार। मेंहदावल : भाजपा के राकेश सिंह बघेल यहां से विधायक हैं। 2012 के चुनाव में बघेल सपा के लक्ष्मीकांत उर्फ पप्पू निषाद से हार गए थे। जातिगत समीकरण : मुस्लिम करीब एक लाख, एससी 85 हजार, ब्राह्मण 60 हजार, निषाद 45 हजार, भूमिहार 30 हजार,यादव 27 हजार, क्षत्रिय 20 हजार और राजभर 16 हजार। सिद्धार्थनगर (पांच सीटें) कपिलवस्तु (सु.) : भाजपा के श्यामधनी विधायक हैं। श्यामधनी ने 2012 में सपा से जीते विजय कुमार को हराया था। जातिगत समीकरण : अनुसूचित जातियां करीब 62 हजार, ब्राह्मण व भूमिहार 73 हजार, यादव 23 हजार, मुस्लिम 41 हजार और अन्य जातियां 1.17 लाख। बांसी : स्वास्थ्य मंत्री जय प्रताप सिंह सातवीं बार विधायक हैं। 1989 और 1991 में वह यहां से निर्दलीय जीते थे। 1993–96 में वह भाजपा से जीते। 2007 में सपा के लालजी यादव से हारे थे। इसके बाद दो चुनाव भाजपा से जीते। जातिगत समीकरण : अनुसूचित जाति करीब 60 हजार, ब्राह्मण–भूमिहार 50 हजार, वैश्य 25 हजार, लोध 25 हजार, मुस्लिम 45 हजार और अन्य जातियां 68 हजार। शोहरतगढ़ : अपना दल (एस) के चौधरी अमर सिंह विधायक हैं। जातिगत समीकरण : मुस्लिम करीब 65 हजार, ब्राह्मण 60 हजार, अनुसूचित जातियां 55 हजार व अन्य 52 हजार। इटवा : भाजपा के डॉ. सतीश चंद्र द्विवेदी यहां से विधायक और बेसिक शिक्षा राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) हैं। जातिगत समीकरण : मुस्लिम करीब 1.15 लाख, ब्राह्मण 77 हजार, यादव 32 हजार, निषाद 25 हजार और अनुसूचित जाति 35 हजार। डुमरियागंज : भाजपा के राघवेंद्र प्रताप सिंह विधायक हैं। जातिगत समीकरण : मुस्लिम 1.25 लाख, ब्राह्मण व भूमिहार 69 हजार, अनुसूचित जातियां 48 हजार।

# बहुजन समाज पार्टी की सरकार बनने पर सभी वर्गों के हित और कल्याण का ध्यान रखा जाएगा : मायावती

आर एल पाण्डेय लखनऊ। बहुजन समाज पार्टी के प्रदेश कार्यालय पर आयोजित प्रेस कान्फ्रेंस में पत्रकारों को संबोधित करते हुए बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष व प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री सुश्री मायावती ने कहा कि बहुजन समाज पार्टी की सरकार बनने पर सभी वर्गों के हित व कल्याण का ध्यान रखा जाएगा। आज प्रदेश कार्यालय पर ओबीसी , अल्पसंख्यक समाज में मुस्लिम समाज व जाट समाज के मंडल सेक्टर स्तर के वरिष्ठ पदाधिकारियों को बुलाया गया है।ये वरिष्ठ पदाधिकारी अपने – अपने क्षेत्रों में पिछले कई महीनों से जी जान से मेहनत कर रहे हैं, जिसकी समीक्षा पिछले महीने की जा चुकी है।आज गहन समीक्षा करने के लिए प्रदेश कार्यालय पर बुलाया गया है। मंडल सेक्टर स्तर के वरिष्ठ पदाधिकारी अपने–अपने क्षेत्रों में जाकर छोटी–छोटी बैठक कर आज का संदेश लोगों को बताएंगे। इन पदाधिकारियों को प्रदेश की सुरक्षित सीटों पर अपने अपने समाज को जोड़ने की जिम्मेदारी दी गई है। इनके अलावा अन्य लोगों को भी प्रदेश की विधानसभा की सामान्य सीटों पर भी अपने अपने समाज को जोड़ने का काम सौंपा गया है। ओबीसी वर्गों के बारे में यह मालूम होना चाहिए कि आज यूपी सहित पूरे देश में अति पिछड़े वर्गों के लोगों को विशेषकर शिक्षा एवं सरकारी नौकरियों आदि में जो आरक्षण संबंधी सुविधाएं मिली हैं तो वे सब वास्तव में पूरी की पूरी देन देश के करोड़ों दलितों,



आदिवासियों एवं अन्य पिछड़े वर्गों के मसीहा भारतीय संविधान के निर्माता परम पूज्य बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की ही है, जिनकी कृपा से संविधान में अनुच्छेद 340 के तहत इनको भी सुविधा देने के लिए कमीशन बना। आजादी के बाद लंबे अरसे तक केंद्र में रही कांग्रेसी सरकार के समय में ही मंडल कमीशन की रिपोर्ट आई थी इसके बावजूद इस पार्टी की सरकार ने इसे लागू नहीं किया था। जिसे फिर बीएसपी ने ही अपने अथक प्रयासों से केंद्र में रही श्री बी पी सिंह की सरकार में इसे लागू करवाया था। तब फिर जाकर ओबीसी वर्गों के लोगों को देश में दलितों, आदिवासियों की तरह इन्हें भी काफी कुछ आरक्षण की सुविधा मिली। जिसे अब केंद्र एवं राज्यों की जातिवादी सरकारें इनके आरक्षण को आए दिन नए नए कानून बनाकर कोर्ट कचहरी का सहारा लेकर प्रभावहीन बनाने में लगी हैं। यही हाल इन वर्गों का यूपी में भी देखने को मिल रहा है। इसके साथ–साथ पूरे देश में दलितों, आदिवासियों एवं अन्य पिछड़े वर्गों के लोगों के साथ हर स्तर पर हो रही ज्यादती अभी बंद नहीं हुई है।

# स्कूल प्रबंधक को कोर्ट में पेश करेगी पुलिस : प्रबंधन से जुड़े लोगों से एसआईआटी की पूछताछ जारी

वाराणसी ब्यूरो : वाराणसी के लहरतारा स्थित स्कूल में कक्षा तीन की छात्रा के साथ दरिंदगी मामले में पुलिस ने बुधवार को स्कूल के प्रबंधक दिलीप सिंह को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस दोपहर बाद कोर्ट में पेश करेगी। वहीं, स्कूल के चेयरमैन दीपक मधोक सहित स्कूल प्रबंधन से जुड़े 10 लोगों से पूछताछ जारी है। एसआईटी ने मंगलवार देर रात निजी स्कूल प्रबंधन से जुड़े लोगों को हिरासत में लिया है। पुलिस के अनुसार प्रबंधन से पूछताछ की जा रही है। वहीं यह माना जा रहा है कि शिक्षण समूह पर कमिश्नरेट पुलिस कठोर कार्रवाई करने की तैयारी में है। हिरासत में लिए प्रबंधन से जुड़े लोगों के बारे में अभी पुलिस कुछ बोल नहीं रही है। हालांकि कार्रवाई के संकेत मिल चुके हैं। वाराणसी के लहरतारा स्थित स्कूल में शुक्रवार को रथयात्रा की रहने वाली कक्षा तीन की छात्रा से सफाईकर्मी ने दुष्कर्म किया था। पुलिस ने घटना वाले दिन ही आरोपी को गिरफ्तार कर लिया था। सोमवार को सात घंटे की पूछताछ पुलिस आयुक्त ए सतीश गणेश की ओर से गठित पांच सदस्यीय एसआईटी स्कूल प्रबंधन से पूछताछ कर रही है। वहीं आरोपी सफाई कर्मी पर एनएसए (राष्ट्रीय सुरक्षा कानून) लगाया जाएगा। उधर, इस घटना की जांच के लिए बाल अधिकार संरक्षण आयोग की टीम ने भी मंगलवार को स्कूल में निरीक्षण किया था। आयोग की टीम ने पाया था कि स्कूल में हद दर्जे की लापरवाहियां बरती गईं। सोमवार को सात घंटे की पूछताछ छात्रा के साथ दरिंदगी मामले में एसआईटी ने सोमवार को लहरतारा स्थित स्कूल प्रबंधन से सात घंटे पूछताछ की। दोपहर करीब 12 बजे पहुंची एसआईटी ने देर शाम लगभग सात बजे तक छानबीन की थी। एसआईटी ने स्कूल के मालिक, प्रबंधक और प्रिंसिपल, शिक्षकों और सफाई इंचार्ज से अलग–अलग बात की। स्कूल के अंदर गर्ल्स और ब्वॉयज टायलेट के बाबत भी जानकारी ली। महिला व पुरुष कर्मी की संख्या भी एसआईटी ने रजिस्टर में दर्ज की। हालांकि तफ्तीश में अब तक स्कूल में हद दर्जे की लापरवाही मिली।

## बीएचयू के दृश्य कला संकाय में दो दिवसीय छायाचित्र प्रदर्शनी तीन दिसंबर से होगी शुरु

वाराणसी ब्यूरो : पुरातन काया में निखर रही नई काशी की झलक हो या फिर घाटों के संरक्षण और काशी के सर्वांगीण विकास की तस्वीर...। यह सब बीएचयू दृश्य कला संकाय में लगने वाली छायाचित्र प्रदर्शनी में आपको देखने को मिलेगी। बनारस के अलावा वन्य जीवों के संरक्षण का संदेश देती प्रदर्शनी पर्यटन के साथ ही वन्य जीवों को संरक्षित करने के प्रति जागरूक करेगी। बीएचयू दृश्य कला संकाय के सहयोग से दो दिवसीय चित्रकला प्रदर्शनी लगाई जा रही है। तीन और चार दिसंबर को काशी की विरासत से जुड़ी आकर्षक कलाकृतियां भी देखने को मिलेंगी। घाटों के सौंदर्य, सुबह–ए–बनारस, काशी की गलियों के साथ ही वन्य जीवों पर आधारित तस्वीरें भी लगाई जाएंगी। संकाय की वीथिका में प्रदर्शनी का उद्घाटन तीन दिसंबर को किया जाएगा। डीन प्रो. हीरालाल प्रजापति और एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. उत्तमा दीक्षित प्रदर्शनी का संयोजन कर रही हैं। इसमें बनारस के वरिष्ठ फोटोग्राफर, बीएचयू और काशी विद्यापीठ के छात्रों के साथ ही कुछ युवा कलाकार भी



शामिल होंगे। प्रदर्शनी के जरिये बनारस की कला, संस्कृति, धरोहर, गंगा, घाट, बाबा विश्वनाथ और परंपराओं को दर्शाया जाएगा। विनय रावल, मनीष खत्री और शशिकांत नाग इसमें सहयोग कर रहे हैं।

## यूपी में सपा की लहर पूर्ण बहुमत से सरकार की उम्मीद : अंशुल वर्मा

हरदोई ब्यूरो अम्बरीष कुमार सक्सेना : पूर्व विधायक आसिफ खाँ बब्बू ने कार्यकर्ता महासम्मेलन में हजारो कार्यकर्ताओ की भीड़ को जोड़कर अपनी सियासी ताकत का टेलर दिखाया।जिसे देखकर मौजूद नेतागण गदगद दिखाई दिये।समाजवादी नेताओं ने मंच से हुंकार भरते हुए एक होकर सपा प्रत्याशी को जिताने का आह्वान किया। शाहाबाद के पूर्व विधायक आसिफ खाँ बब्बू राजनीति में जनता से सीधी जमीनी पकड़ रखते है इसका अनुमान उनके बुलाबे पर स्थानीय कोल्ड स्टोर में पहुँचे हजारो कार्यकर्ताओ की संख्या से लगाया जा सकता था।कार्यकर्ता महासम्मेलन को संबोधित करते हुऐ मुख्य अतिथि पूर्व सांसद अंशुल वर्मा ने कहा कि यूपी में सपा की जबरदस्त लहर दिखाई दे रही है और पूर्ण बहुमत से समाजवादी पार्टी की सरकार बनना तय है।पूर्व सांसद ने कहा कि चारो तरफ सपा प्रमुख अखिलेश यादव के समर्थन में उमड़ रहे जनसैलाब ने विपक्षी दलों की नींदे उड़ा दी है।उन्होंने कहा कि सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने छोटे दलों से गठबंधन किया है जिससे अन्य पार्टियां घबराई हुई है।पूर्व सांसद ने कहा कि शाहाबाद की पहचान हिन्दू मुस्लिम एकता से है और भाजपा उसमे भी सेंध लगाना चाहती है।अब 2022 में हम सबको जागरूक होना है ।अगर अपने बच्चो के भविष्य को बेहतर देखना चाहते है तो बदलाब जरूरी है।भाजपा के लोग हमेशा झूठ बोलते है इसलिये मेरे प्रयास द्वारा 14 मई 2015 को आँझी रेलवे ओवरब्रिज की स्वीकृति को विधानसभा के लोग अपनी उपलब्धि बता रहे है।अब चुनाव नजदीक है ये भाजपा के लोग छल प्रपंच और मायाजाल से आम जनता को गुमराह करेंगे।विशिष्ट अतिथि केंद्रीय उपभोक्ता के अध्यक्ष डॉ अरुण मौर्या ने कहा कि इस महासम्मेलन में जुटे हजारों कार्यकर्ताओ की संख्या ने 2022 की शाहाबाद की तस्वीर दिखा दी है।डॉ मौर्या ने कहा कि मोदी जी ने जुमलों पर सरकार बनाई थी उन्होंने 15 लाख के झूठे सपने दिखाए।भाजपा ने किसानों को बर्बाद कर दिया।खाद बीज की महगांई से किसान त्रस्त है।सरकार ने किसानों के दर्द को नही समझा।भाजपा सरकार के एक मंन्त्री के बेटे ने लखीमपुर में गाड़ी चढ़ाकर 9 लोगो को मौत के घाट उतार दिया।और भाजपा अपने मंन्त्री को आज भी बचाये है।भाजपा सरकार किसी की सगी नही है सभी के साथ अन्याय कर रही है।अब असली लड़ाई संविधान बचाने की है क्योंकि यह सरकार संविधान से खिलबाड़ करती है।पूर्व सासंद राममूर्ति वर्मा के पुत्र समाजवादी नेता राजेश वर्मा ने कहा कि समाजवादी का काम बोलता है।किसानों के हितों में अनेक कल्याणकारी योजनाएं चलाई।समाजवादी पार्टी की विचारधारा ही जनता के लिये है और समाजवादी की सरकार में जनता ही सरकार होगी।समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने प्रदर्शन में मृत किसानों के लिये 25 लाख की घोषणा की है।समाजवादी पार्टी ने सभी वर्गों के लिये कार्य किया है।उन्होंने कहा कि भाजपा ने आम जनता को गुमराह करके सरकार बनाई है लेकिन अब यह जनता इनके झूठे वादों को समझ चुकी है।केवल साम्प्रदायिकता और पाकिस्तान के नाम वोट लेने वाली भाजपा आखिर कब तक झूठ बोलेगी।इन्होंने सिर्फ राम के नाम पर झूठ बोलकर जनता को लड़ा कर फायदा उठाया है।कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए पूर्व विधायक आसिफ खाँ बब्बू ने कहा कि भाजपा सरकार की गिरगिट जैसे रंग बदलने वाली कला को जनता जान चुकी है।पहले कई महीनों तक किसानों को प्रताड़ना दी।और 700 से अधिक किसानों की मृत्यु के बाद सरकार को जब अपना सिंघासन डोलता दिखा तो पलटी मारते हुए किसान बिल वापसी की घोषणा करने को मजबूर हो गए।वही सरकार अब चुनाव से पहले राशन बढ़ा कर गरीबो को प्रलोभन दे रहे है लेकिन अब एक जनता इनके बहकाबे में नही आने वाली।आम जनता इनकी बाजीगरी जान चुकी है कि यह किस प्रकार से महगांई,बेरोजगारी से मुँह छिपाते है और केवल लोगो को लालच देकर वोट लेना चाहते है।अब जनता में भाजपा को हटाने का मन बना लिया है।कार्यक्रम का संचालन तारिक खाँ और चांद मियां ने संयुक्त रूप से किया।कार्यक्रम को सपा नेता राजेश वर्मा, जिला पंचायत सदस्य ददरौल पिंटू यादव,ददरौल के समाजवादी पार्टी विधानसभा अध्यक्ष मुनेन्द्र सिंह यादव,प्रभु सिंह यादव,डॉ एवी लाल,प्रधान राजकुमार जिंदल,विनोद पाठक आदि ने भी संबोधित किया।

# गोमती नदी में दो पांटून सेतु निर्माण की मिली वित्तीय व प्रशासकीय स्वीकृति

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : बहुत जल्द मिलने जा रहा है जौनपुर को विकास की एक नई सौगात आवास एवं शहरी नियोजन राज्यमंत्री गिरीश चंद यादव जी के अथक प्रयास से सदर विधानसभा के अंतर्गत गोमती नदी में दो पांटून सेतु (पीपे का पुल) के निर्माण की वित्तीय व प्रशासकीय स्वीकृति मिल गई है। राज्यमंत्री ने बताया कि एक पांटून सेतु सिपाह अचला देवी घाट के पास से मियांपुर तक बनेगा जिसकी लागत 57.29 लाख रुपये है यहां गोमती नदी पर पांटून सेतु( पीपे का पुल )बनने से शाहगंज, खेतासराय, मुफ्तीगंज, केराकत, चंदवक ,गौराबादशाहपुर आदि जगह के लोगों को कलेक्ट्री कचहरी, दीवानी कचहरी आदि जगह जाने में सुविधा मिलेगी , दूरी भी कम हो जाएगी और जनता को जाम की समस्या से काफी निजात मिलेगी। दूसरा पांटून सेतु मुबारकपुर से खानपुर संपर्क मार्ग के आगे गोमती नदी के बलूवा घाट के पास निर्माण होगा जिसकी लागत 59.06 लाख रुपया है इस पीपे के पुल के निर्माण से गांव वालों को इस पार से उस पार बाजार या किसी गांव में जाने के लिए 20 किलोमीटर घूम कर जाना पड़ता था इस पीपा के पुल के बन जाने से सदर विधानसभा के साथ–साथ बदलापुर विधानसभा, मल्हनी विधानसभा और शाहगंज विधानसभा के लोगों को आने जाने में काफी सुविधा मिलेगी। राज्य मंत्री के मीडिया प्रभारी मनीष श्रीवास्तव ने बताया कि इस दो पांटून सेतु (पीपे के पुल) स्वीकृति के बाद सदर विधानसभा क्षेत्र में कुल 4 पुल बनने जा रहा है जिसमें दो पीपे का पुल, शास्त्री ब्रिज समानांतर पुल और प्यारेपुर कलीचाबाद गोमती नदी पर शीघ्र सेतु निर्माण का कार्य शुरू होने जा रहे हैं। जनपद को इतनी बड़ी सौगात देने के लिए यशस्वी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी को और लोक निर्माण मंत्री केशव प्रसाद मौर्य जी को सदर विधानसभा की जनता की तरफ से बहुत–बहुत आभार।

# थर्ड जेंडर लोगों ने गीत गाकर किया मतदाताओं को जागरूक

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : स्वीप कार्यक्रम के अन्तर्गत थर्ड जेंडर समुदाय के व्यक्तियों के लिए एक अनूठा मतदाता जागरूकता कार्यक्रम स्थान अहियापुर में किया गया। मतदाता बनने हेतु थर्ड जेंडर लोगों ने पदयात्रा करते हुए गाना गाते हुए लोगों को जागरूक किया। इस दौरान थर्ड जेंडर का नाम मतदाता सूची में जोड़ने हेतु फॉर्म–6 दिया गया। तथा तृतीय लिंग समुदाय के मतदाताओं को आगामी विधानसभा चुनाव में मताधिकार का प्रयोग करने और अन्य लोगों को भी मतदान के लिए प्रेरित करने का संकल्प लिया। चांदनी किन्नर के नेतृत्व में किन्नर लोगों ने गीत के माध्यम से लोगों को मतदाता बनने व मतदान करने के लिए जागरुक करते हुए प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर जिला स्वीप कोआर्डिनेटर सैय्यद मोहम्मद मुस्तफा ने कहां कि थर्ड जेंडर सहित सभी मतदाता हमारे लोकतंत्र की ताकत है। मतदाता जागरूकता में आप लोगों का योगदान निश्चित रूप से हर वर्ग के मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित करेगा। उन्हें ऑनलाइन आवेदन के साथ ही मतदाता बनने के संबंध में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि थर्ड जेंडर मतदाता सूची में नाम जुड़वाकर लोकतंत्र में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें। उन्होंने बताया कि जनपद जौनपुर में थर्ड जेंडर के कुल 134 मतदाता हैं। जिनमें बदलापुर विधानसभा में 19, शाहगंज में 23, जौनपुर सदर में 16, मल्हनी में 03, मुंगराबादशाहपुर




में 14, मछलीशहर में 13, मड़ियाहूं में 12 जफराबाद में 12, केराकत में 22 मतदाता हैं। ईएलसी कोआर्डिनेटर रमेश चंद्र यादव ने कहा कि मतदाता जागरूकता अभियान में थर्ड जेंडर भी आगे आ गया है। उन्होंने इन लोगों से अपील किया कि आप लोग स्वयं मतदाता बने तथा अपने परिवार व समाज के लोगों को मतदाता बनने के लिए प्रेरित करते हुए आप लोग जहां भी जाये लोगों को निर्वाचन साक्षरता के प्रति जागरूक करते रहिए। अध्यक्ष सीमा किन्नर ने अपने लोगों से अपील किया है कि मतदाताओं को जागरूक करने के लिए अपने अन्दाज में प्रेरित करें। जिससे लोग शत–प्रतिशत मतदान करें और मतदान प्रतिशत बढ़े। इस अवसर पर महबूब अली, विभा किन्नर, सोनाली किन्नर, सौम्या किन्नर, बिजली किन्नर, नेहा किन्नर बीएलओ सीमा यादव, परशुराम गिरी आदि उपस्थित रहे। इसके साथ किर्तापुर में भी थर्ड जेंडर मतदाता जागरूकता कार्यक्रम करते हुए लोगों को जागरूक किया गया।

# बदलापुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ लक्ष्मी सिंह ने किया औचक निरीक्षण

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : बदलापुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ लक्ष्मी सिंह ने मंगलवार को औचक निरीक्षण किया इस दौरान सीएचसी में गंदगी को देखकर उन्होंने कड़ी फटकार लगाई । इसके बाद उन्होंने महिला प्रशव रूम मे पहुंची जहां साफ सफाई पर नाराजगी जताई। सीएमओ ने भर्ती मरीजों के वार्ड मे पहुंची जहां घनश्यामपुर निवासी मंजू देवी मरीज के भाई सूर्य प्रकाश द्वारा शिकायत की गई की अस्पताल मे सभी दवाईयां बाहर से लिखी जाती है। जिसपर उन्होंने बाहर से लिखी गई दवा के पर्चे की फोटो खीचवाई इसकेबाद सीएचसी अधीक्षक सहित डाक्टर को कड़ी फटकार लगाते हुए सभी मरीजों को अस्पताल से दवा देने का शक्त निर्देश दिये और कही की यदि कोई भी डाक्टर बाहर की दवा लिखता है तो उसपर शक्त कार्रवाई की जायेगी। इसके बाद क्षेत्र में डेंगू और वायरल बुखार के बढ़ते हुए केस को लेकर कई दिशा निर्देशन दिए बता दे कि औचक निरीक्षण से अस्पताल कर्मचारियों में हड़कम्प मचा रहा चिकित्सकीय कार्य प्रणाली को तार–तार करने वाले कर्मचारी अपनी खांमिया छिपाने के लिए हाफते नजर आए। सीएमओ द्वारा यह भी हिदायत दी गई की जो लोग टीकाकरण नही करवाये है उन्हे जागरूक कर अधिक से अधिक लोगो को शासन की गाइडलाइन के अनुसार कोविड टीकाकरण करवाने की हिदायत दी। इस मौके पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अधीक्षक डॉ. संजय दुबे, डॉ मनीष यादव, सहित आदि चिकित्सक एवं अस्पताल कर्मी मौजूद रहे।सीएमओ के जाने के बाद अस्पताल कर्मचारी अधिकारी ने राहत की सांस ली और चर्चाओं का बाजार गर्म रहा।

# सीवर से 18 घंटे बाद निकाला गया मजदूर का शव : आक्रोशित साथियों ने ठप किया काम

वाराणसी ब्यूरो : वाराणसी में लहुराबीर स्थित दस फीट गहरे सीवर लाइन में फंसे मजदूर नवाब आरिफ (20) का शव 18 घंटे बाद मंगलवार सुबह छह बजे बाहर निकाला गया। इसके बाद पोस्टमार्टम कराया गया। इसके बाद मालदा से आए परिजन एंबुलेंस से शव लेकर रवाना हुए। हादसे में मृत नवाब के परिजनों को जलनिगम की ओर से दस लाख रुपये मुआवजा दिया जाएगा। वहीं लापरवाही से साथी की गई जान से आक्रोशित मजदूरों ने काम ठप कर दिया। हादसे के मामले में जलनिगम के जीएम ने जांच के लिए एक टीम गठित की है। सोमवार दोपहर 12 बजे सीवर लाइन में नवाब काम करने उतरा था। शाही नाला डायवर्जन कार्य के दौरान मलजल को रोकने के लिए शुक्रवार को लहुराबीर चौराहे पर लोहे की प्लेटें पश्चिम बंगाल के मालदा निवासी नवाब आरिफ लगाई थी। इसके बाद भी सीवर फ्लो करने लगा तो कार्यदायी संस्था ने सोमवार दोपहर फिर से लोहे की प्लेटें चेक करने के लिए नवाब सहित तीन अन्य मजदूरों को काम पर लगाया। दोपहर लगभग बारह बजे नवाब मैनहोल के अंदर रस्सी के सहारे घुसा और लगभग आधे घंटे बाद उसकी कोई हरकत समझ में नहीं आने पर साथी घबरा गए। रस्सी खींची गई तो नवाब बाहर नहीं निकला। इसके बाद घबराए साथियों ने कार्यदायी संस्था के ठेकेदार को सूचना दी। फायर ब्रिगेड और एनडीआरएफ की रात भर चले रेस्क्यू के बाद सुबह छह बजे उसका शव बाहर निकाला जा सका। चेतगंज थाने की पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भिजवाया। नवाब के पिता और अन्य परिजन रोते–बिलखते हुए एंबुलेंस के जरिए नवाब का शव लेकर मालदा को रवाना हुए। 31 दिसंबर तक कार्य पूरा होने का लक्ष्य। घटना के बाद साथी मजदूरों ने गुस्से में काम बंद रखा। जल निगम गंगा प्रदूषण नियंत्रण इकाई के महाप्रबंधक फणिंद्र राय ने बताया कि घटना



की जांच के लिए एक टीम गठित की गई है। टीम यह पता लगाएगी कि लापरवाही कहां हुई, संस्था के पास सुरक्षा व संरक्षा से जुड़े संसाधान थे या नहीं, सीवर फ्लो हो रहा था तो फिर क्यों उसे सीवर लाइन में उतारा गया आदि बिंदुओं पर जांच होगी। वहीं आर्थिक सहायता के तौर पर मजदूर के परिजनों को दस लाख रुपये मुआवजा दिया जाएगा। महाप्रबंधक ने बताया कि ओल्ड ट्रंक सीवर–रिलीविंग ट्रंक सीवर प्रोजेक्ट के तहत चौकाघाट पंपिंग स्टेशन तक सीवर को डायवर्ट किया जाना है। प्रोजेक्ट पूरा होने के बाद खिड़किया घाट पर शाही नाला से सीवर 40–45 एमएलडी गंगा में नहीं गिरेगा। उन्होंने बताया कि 31 दिसंबर तक कार्य पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है।

# जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक नें किया जिला जेल का औचक निरीक्षण



जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा एवं पुलिस अधीक्षक अजय साहनी के द्वारा जिला जेल का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान विभिन्न बैरकों की सघन तलाशी ली गई। तलाशी में कुछ भी आपत्तिजनक नहीं मिला । विभिन्न बैरकों में निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने कई बंदियों से व्यवस्था के संबंध में बातचीत भी की। जिलाधिकारी द्वारा जेल अस्पताल में बंदियों से उनके स्वास्थ्य के संबंध में जानकारी प्राप्त की जेल अधीक्षक एसके पांडे द्वारा बताया गया है कि सभी कैदियों का शत–प्रतिशत वैक्सीनेशन करा दिया गया है । जिलाधिकारी द्वारा निर्देश दिया गया कि बंदियों का अच्छे से इलाज किया जाए। पाकशाला में जाकर बंदियो को दिए जाने वाले खाने को देखा। इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक शहर डॉ संजय कुमार, जेलर सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# जनपद में मतदाताओं को जागरूक करने के लिए चलाए जा रहे विभिन्न कार्यक्रम



जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : जनपद में मतदाताओं को जागरूक करने के लिए विभिन्न कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं जिस के क्रम में आज जिला निर्वाचन अधिकारी मनीष कुमार वर्मा द्वारा 05 एलईडी मोबाइल वैनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। यह वैन जनपद के प्रमुख बाजारो, चौराहों एवं बूथों पर जाकर लोगों को मतदान के प्रति जागरूक एवं ईवीएम वीवीपैट के संबंध में जानकारी प्रदान करेगी। एलईडी वैन मे ईवीएम भी रखी गई है, ताकि लोग अधिक से अधिक ईवीएम एवं वीवीपैट के संबंध में जानकारी प्राप्त करें और मतदान के लिए प्रेरित हो सके। उप जिला निर्वाचन अधिकारी राम प्रकाश द्वारा जनपद वासियों से अपील की गई है कि एक जागरूक मतदाता बने और आगामी चुनाव में बढ़ चढ़कर हिस्सा लें जिससे जनपद का मतदान प्रतिशत बढ़ाया जा सके। इस अवसर प्रभारी सहायक निर्वाचन अधिकारी बृजेश चतुर्वेदी सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# हाथरस दरिन्दगी : एक वर्ष होने पर दीप जलाकर श्रद्धांजलि सभा आयोजित



जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष लाल बहादुर के नेतृत्व हाथरस की बेटी मृत्यु का आज एक वर्ष होने पर दीप जलाकर श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई सपा जिला अध्यक्ष लाल बहादुर यादव ने कहा जिस तरह भाजपा की सरकार में इस प्रदेश में बहन बेटियां सुरक्षित नहीं है जहां अपने आप को हिंदूवादी सरकार कहने वाली बीजेपी सरकार हाथरस में बलात्कार पीड़ित बेटी का शव उसको उसके घर न देकर मट्टी तेल छिड़ककर दाह संस्कार कर दिया गया इससे पूरे देश की मानवता शर्मसार हुआ हमारा भारत देश शर्मसार हुआ लेकिन भाजपा को इस बात की फिक्र नहीं है आज एक वर्ष हो गए आरोपियों को अभी तक कोई सजा नहीं है ऐसी दशा में हम लोग भारतीय जनता पार्टी सरकार की घोर निंदा करते हैं और अपने देश और प्रदेश की महिलाओं से इस अपमान का बदला लेने के लिए आह्वान करते हैं अगर हमारी देश की महिलाएं सुरक्षित नहीं है आमजन का क्या होगा इसलिए आज श्रद्धांजलि सभा में हम लोग संकल्प लेते हैं 2022 में भाजपा सरकार हटाकर समाजवादी सरकार लाएंगे जिसे महिलाएं सब सुरक्षित से जीना जान जाए श्रद्धांजलि सभा में मुख्य रूप से जिला महासचिव हिसामुद्दीन शाह,प्रवक्ता राहुल त्रिपाठी राजन यादव रुखसार अहमद पूनम मौर्या इस्तकबाल कुरेशी आरीफ हबीब,भानु प्रताप मौर्या से अरशद कुरैशी मालती निषाद सोनी यादव सीमा खाँ,ऋषि यादव कमालुद्दीन अंसारी शेखू खाँ आसीफ शाह,अजीज फरीदी, शकील मंशुरी,आदि लोग मौजूद रहे।

# जौनपुर स्वयं सेवी सस्थाओ ने N.G.O. महासम्मलेन में लिया प्रतिभाग



जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : भारतीय जनता पार्टी के N.G.O. प्रकोष्ठ के जिला संयोजक डॉ संदीप पाण्डेय के नेतृत्व में जौनपुर की अत्यधिक N.G.O. ने लखनऊ में होने वाले प्रकोष्ठ के महासम्मलेन में प्रतिभाग किया।पंचायती राज सभागार लखनऊ में N.G.O. प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक श्री संदीप शाही जी द्वारा आयोजित इस महासम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश अध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी माननीय श्री स्वतंत्र देव सिंह तथा मुख्य वक्ता के रूप में उप मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश माननीय डॉ० दिनेश शर्मा जी रहे। उन्होंने इस कार्यक्रम मे कोविड काल मे N.G.O. की भूमिका को सराहा और सबको संगठित होकर कार्य करने को कहा तथा आश्वासन दिया की पार्टी उनकी हर सम्भव मदद करेगी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ने एसी सभी संस्थाए जिन्होंने अपनी समाज में महती भूमिका निभाई हैं उनको सम्मानित करने की बात कही। इस कार्यक्रम में क्षेत्र संयोजक काशी श्री विपिन पाठक जी, सह संयोजक श्री रजनीकांत जी, तथा जौनपुर से संजय उपाध्याय जी(पूर्व अध्यक्ष बाल न्यालय), श्री राजेश जी, श्रीमति प्रीती गुप्ता जी, शैलेंद्र निषाद जी, सेराज अहमद जी,कमलेश मिश्र, श्रीमती अंजू पाठक जी, रेनू सिंह जी,शोभना स्मृति, सुहानी शाह, विमला सिंह जी, उर्वशी सिंह जी, अमरेश राज पाठक जी, शिवा वर्मा जी, प्रमोद कुमार सैनी जी आदि स्वयं सेवी संस्थाओं के लोग उपस्थित रहे।

# पंचतत्व द्वारा सभी बीमारियों का किया जाता है इलाज : डॉक्टर कल्पना



आर. एल. पाण्डेय लखनऊ। संदीप नेचुरोपैथी हॉस्पिटल की डॉक्टर कल्पना सिंह ने जिला प्रतिनिधि आर एल पाण्डेय से भेंट वार्ता में बताया कि प्राकृतिक चिकित्सा द्वारा सभी गंभीर बीमारियों का मिट्टी, पानी, धूप, हवा , आकाश (पंचतत्व) द्वारा सारी गंभीर बीमारियों का इलाज किया जाता है एवं खानपान में सुधार करके और प्राणायाम योगासन को अपनी दिनचर्या में शामिल करके हम असाध्य रोगों से छुटकारा पा सकते हैं।

# बन्दियों को दी गयी कानूनी जानकारी

जौनपुर सू.वि. : उ0 प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जौनपुर के तत्वाधान में आज 3नवम्बर 2021 को जिला कारागार का निरीक्षण एवं विधिक साक्षरता/ जागरूकता शिविर का आयोजन माननीय जनपद न्यायाधीश/ अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की अनुमति से किया गया। निरीक्षण के समय पूॅंछे जाने पर जेलर द्वारा बताया गया कि जिला कारागार में कुल 1232 बन्दी है, जिनमें पुरूष 1140 महिला 53 तथा 39 अल्पवयस्क हैं। कारागार में निरूद्ध महिला बन्दियों के साथ कुल 15 बच्चे हैं। जेल की पाकशाला निरीक्षण कर जेल में मिलने वाले भोजन एवं जेल अस्पताल का निरीक्षण कर बन्दियों को स्वच्छ एवं ताजा भोजन उपलब्ध कराये जाने एवं उनके स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहने हेतु जेल अधीक्षक को निर्देशित किया गया। महिला बैरक के निरीक्षण के दौरान महिला बन्दियों के साथ रह रहे 0 से 6 वर्ष तक के बच्चों के नाश्ता, भोजन आदि की उपलब्धता के सम्बन्ध में पूॅंछे जाने पर महिला बन्दियों द्वारा बताया गया कि बच्चों को समय से नाश्ता एवं भोजन उपलब्ध कराया जाता है, बच्चों की माता द्वारा किसी प्रकार की समस्या नहीं होना बताया गया। जेल अस्पताल के निरीक्षण में कोई भी बन्दी गम्भीररूप से बीमार व कोविड मरीज नहीं पाया गया। किसी भी बन्दी की तबियत खराब होने पर तत्काल इलाज की सुविधा उपलब्ध कराने हेतु जेल अधीक्षक को निर्देशित किया गया। बाल बैरक का निरीक्षण कर उनके अधिकारों की जानकारी प्रदान की गयी। शिविर को सम्बोधित करते हुए सचिव, श्रीमती शिवानी रावत द्वारा बन्दियों को कानूनी जानकारियों के साथ ही शासन की योजनाओं से मिलने वाली सुविधाओं के बारे जागरूक किया गया। बन्दियों को जानकारी देते हुए बताया गया कि जिन बन्दियों के मामलों में अधिवक्ता न हो वह जिला विधिक सेवा प्राधिकरण से निःशुल्क विधिक सहायता एवं अधिवक्ता हेतु प्रार्थना पत्र दे सकते है। इस अवसर पर उपस्थित श्रीमती ज्योति अग्रवाल, अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम द्वारा भी बन्दियों को विधिक जानकारी प्रदान करायी गयी। इस अवसर पर श्री एस0 के0 पाण्डेय, जेल अधीक्षक, श्री कुलदीप सिंह भदौरिया, जेलर श्री कमलेन्द्र प्रताप सिंह डिप्टी जेलर, श्री राजकुमार सिंह, डिप्टी जेलर, डा0 रविराज, चिकित्साधिकारी, श्री सतीश कुमार गुप्ता फार्मासिस्ट, आसिफ अहमद सिद्दीकी फार्मासिस्ट तथा जेल पीएलवी गण व अन्य बन्दीगण उपस्थित रहे।

# लखनऊ मॉडर्न पब्लिक इंटर कॉलेज का स्थापना दिवस समारोह सम्पन्न




आर एल पाण्डेय लखनऊ। लखनऊ मॉडर्न पब्लिक इंटर कॉलेज इंसाफ नगर सेक्टर 10 इंदिरा नगर लखनऊ का स्थापना दिवस समारोह हर्ष और उल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय के छात्र–छात्राओं ने विविध सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधक श्री हिमांशु वर्मा एवं प्राचार्य श्रीमती शिवानी वर्मा के संयोजन में ज्ञानदायिनी मां सरस्वती की पूजा अर्चना की गई। बच्चों ने मां सरस्वती की वंदना प्रस्तुत की एवं स्वागत गीत प्रस्तुत किया। पौधरोपण किया गया। मेहंदी एवं रंगोली प्रतियोगिता कराई गई। उत्कृष्ट एवं प्रतिभाशाली छात्र–छात्राओं को पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर शिक्षक – शिक्षिकाएं एवं अभिभावक उपस्थित रहे।

# बेटा पढ़ाओ–संस्कार सिखाओ अभियान को लेकर बेटियां अपने शादी निमंत्रण पत्र के माध्यम से दे रही हैं बेटों को पढ़ाने व संस्कारित करने का संदेश

सीकर(राजस्थान)– देश की उपासना : नाडाशहर निवासी किरण व रेणु की शादी 6 दिसंबर को होने जा रही है। उन्होंने समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाते हुए शादी की निमंत्रण पत्रिका में 'बेटा पढ़ाओ–संस्कार सिखाओ 'अभियान को अंकित कर समाज के युवक एवम युवतियों को जाग्रत करने की पहल की। उन्होंने अभी तक के अपने जीवन के अनुभवों के आधार पर अभियान का पुरजोर समर्थन भी करते हुए बताया कि हमें बेटियों को सुरक्षित रखना है तो बेटों को संस्कारित करना होगा। कस्बे में एक बार फिर सोशल मीडिया पर एक शादी कार्ड तेजी से वायरल हो रहा है। ये कार्ड लोगों के बीच चर्चा का विषय बना हुआ है। इस कार्ड की खासियत है कि इसके तार बेटा पढ़ाओ–संस्कार सिखाओ अभियान से जुड़े हुए है। जी हां सीकर नाडा शहर निवासी सुरेश तूनवाल ने अपनी बहिनों की शादी में कार्ड के ऊपर बेटा पढ़ाओ–संस्कार सिखाओ अभियान नामक स्लोगन का नारा दे रखा हैं। जहां एक ओर शादी के कार्ड पर बेटी बचाओ–बेटी पढ़ाओ व स्वच्छ भारत अभियान के स्लोगन जैसे नारे देखने को नजर आते थे वही दूसरी ओर अब शादी निमंत्रण पत्र पर बेटा पढ़ाओ–संस्कार सिखाओ अभियान का स्लोगन देखने को मिल रहा हैं। बहिन किरण व रेणु ने समस्त देशवासियों से अपील की है कि बेटी बचाओ–बेटी पढ़ाओ अभियान से ज्यादा जरूरी हैं बेटा पढ़ाओ–संस्कार सिखाओ अभियान की। देश के समस्त देशवासियों को अब अपनी शादी के निमंत्रण पत्र पर बेटा पढ़ाओ–संस्कार सिखाओ अभियान का नारा देना होगा ताकि समाज व देश मे एक नया बदलाव ला सके। याद रहें पढ़ा लिखा व संस्कारित होगा बेटा तो करेगा माँ–बहिन–बेटियों की सुरक्षा। हमारा मकसद समाज व देश के युवाओं की सोच को बदलने का हैं। आज वर्तमान दौर में बेटे को पढ़ाना जितना जरूरी है उतना ही जरूरी है अच्छे संस्कार सिखाना। अगर ऐसा हुआ तो कभी भी देश में अमानवीय घटनाएं देखने व सुनने को नही मिलेगी। एक सुंदर व स्वच्छ वातावरण का निर्माण होगा। उस दिन देश की हर एक बहिन–बेटी अपने आप को सुरक्षित महसूस करेंगी। सीकर नाडा शहर निवासी भाई सुरेश तूनवाल ने बताया की बेटियां तभी सुरक्षित हो सकती है जब देश का हर एक लड़का पढ़ा लिखा व संस्कारित होगा तो बेटियां अपने आप




को सुरक्षित महसूस करते नजर आएगी। साथ ही तूनवाल ने कहा कि भारत सरकार की मुहिम बेटी बचाओ–बेटी पढ़ाओ योजना की सफलता के लिए भी हमारा यह अभियान बहुत जरूरी है। अगर बेटा पढ़ाओ–संस्कार सिखाओ अभियान सफलता की ओर निरंतर अग्रसित होता रहा तो आने वाले समय मे बेटी बचाओ–बेटी पढ़ाओ अभियान की आवश्यकता ही नही होगी। अभियान के सक्रिय सदस्य सुरेश तूनवाल ने जानकारी देते हुये बताया कि किरण व रेणु के पिता छीतरमल ने बताया कि विवाह आमंत्रण पत्र के माध्यम से बेटा पढ़ाओ– संस्कार सिखाओ अभियान का सन्देश देकर हम समाज के प्रति अपने कर्तव्य का पालन करने का किंचित प्रयास कर रहे हैं। थोड़ा ऋण चुकाने की कोशिश कर रहे है। वास्तव में यदि बेटियों को बचाना है तो ' बेटा पढ़ाओ – संस्कार सिखाओ' अभियान को जन –जन तक पहुंचाना होगा। बेटा यदि शिक्षित और संस्कारी होगा तो समाज से सभी कुरीतियां स्वतः ही दूर हो जाएंगी। तूनवाल ने बताया कि उन्होंने लोगो को इस अभियान के बारे में जागरूक किया है तथा लोगों से अपील भी की है कि सभी को मिलकर इस अभियान को सफल बनाना है। इस सराहनीय पहल के आगाज को लेकर अभियान के संयोजक कवि हरीश शर्मा व अभियान के सह–संयोजक आकाश झुरिया व कवयित्री डॉक्टर निरुपमा उपाध्याय ने इस पहल को लेकर भाई सुरेश तूनवाल, बहिन किरण, रेणु व तूनवाल परिवार के समस्त सदस्यों का तहेदिल से आभार व्यक्त किया।

# वोट लोकतंत्र का आधार है : चुनावी पाठशाला

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : करंजकला ब्लॉक के प्यारेपुर के प्राथमिक विद्यालय में निर्वाचन आयोग के निर्देश पर चुनाव पाठशाला का आयोजन किया गया। इसमें लोगों को जागरूक कर सूची में नए मतदाताओं के नाम जोड़ने पर जोर दिया गया। प्रधानाध्यापक नुजहत अंसारी ने क्षेत्र के प्यारेपुर के प्राथमिक विद्यालय में आयोजित चुनावी पाठशाला में मतदाताओं से उन्होंने कहा कि बीएसए डॉ. गोरखनाथ पटेल के निर्देश के क्रम में सभी विद्यालयों में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित है। मतदान लोकतांत्रिक सरकार गठन के लिए सबसे अहम प्रक्रिया है। मतदाता उसके केंद्र बिंदु हैं। मतदान के प्रति उदासीनता उचित नहीं है। यह हर जागरूक नागरिक का अधिकार ही नहीं कर्तव्य भी है कि चुनाव में मताधिकार का प्रयोग करे। उन्होंने मतदाता सूची के पुनरीक्षण अभियान के दौरान एक जनवरी 2022 को 18 साल की आयु पूरी करने वालों के नाम सूची में जोड़ने, मृतकों के नाम हटाने व नाम संशोधन किया जाना है। नए मतदाताओं के नाम सूची में शामिल कराने के लिए सभी बूथों पर बीएलओ की तरफ से प्रपत्र 6 भरवाए जा रहे हैं। इसके अलावा वोटर हेल्प लाइन एप को डाउनलोड कर भी नए वोटर बनाए जा सकते हैं। इसमें शिक्षकों की भूमिका महत्वपूर्ण है। इसके अलावा वोटर हेल्प लाइन



एप को डाउनलोड कर भी नए वोटर बनाए जा सकते हैं। इसमें शिक्षकों की भूमिका महत्वपूर्ण है। इस मौके पर विद्यालय की अध्यापक मौजूद थे फराह परवीन , नीता गुप्ता, प्रतिमा गुप्ता, निधि मोर्या ,प्रियंका श्रीवास्तव, गांव के ग्राम प्रधान साधना यादव, विद्यालय प्रबंधन ,समिति अध्यक्ष मीना यादव,बीना देवी ,अंजलि, मनीषा, आदि मौजूद थे।

# तहसील परिसर में राशन समस्या को लेकर पाराराम के ग्रामीण अनिश्चितकालीन` धरने पर बैठ

अयोध्या(अमित कुमार मणि त्रिपाठी बीकापुर संवाददाता) |जिले के बीकापुर तहसील के ग्राम पंचायत पाराराम में राशन समस्या निर्धारित कीमत से अधिक मूल्य वसूलने, घटतौली, राशन कार्ड बनवाने के लिए डेढ़ हजार रुपए वसूली से नाराज ग्रामीणों ने प्रधान प्रतिनिधि शैलेंद्र कुमार पांडे के नेतृत्व में अनिश्चित कालीन धरना शुरू कर दिया है |इस मौके पर पहुंचे एसडीएम अनुराग प्रसाद और पूर्ति निरीक्षक का खराब कर फरियादियों ने अपनी समस्याएं सुनाई। यह धरना तहसील परिसर के शहीद स्मारक पर संचालित है |वही इस प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए एसडीएम अनुराग प्रसाद ने सैकड़ों कार्डधारकों का बयान दर्ज कराया और पूर्ति निरीक्षक से दो दिनों के भीतर जांच आख्या तलब की है। यहां पर राशन की समस्या को लेकर कार्डधारकों में जबरदस्त आक्रोश है। बताया गया कि कई बार लिखित शिकायतों के बाद भी कोई कार्यवाही नहीं की जा रही है। जिससे राशनकार्ड धारकों को सरकारी योजना का लाभ नहीं मिल पा रहा है। आक्रोशित ग्रामीण ने आज मंगलवार की दोपहर सैकड़ों की तादाद में बीकापुर तहसील पहुंचे और अनिश्चित काल के लिए धरने पर बैठ गए हैं। इन ग्रामीणों का कहना है कि जब तक समस्या का समाधान नहीं होता तब तक इनका धरना जारी रहेगा |इस धरने का नेतृत्व स्वयं ग्राम प्रधान प्रतिनिधि शैलेंद्र पांडे कर रहे हैं। राशन समस्या को लेकर प्रधान के आंदोलित हो जाने के कारण ग्रामीण बड़ी





संख्या में लामबंद हो गए हैं |अनिश्चितकालीन धरने पर बैठे ग्राम पंचायत पारा राम के निवासी रामकृपाल, मिठ्ठूलाल, गंगाराम, राहुल कुमार, श्यामलाल, ध्रुव शुक्ला, जय शंकर सोनी, राकेश, अमरदीप, अशोक कुमार मौर्या, चांद बाबू, मेवालाल, पवन दुबे, राम सकल तिवारी, इस्लाम, इसराइल, मोहनलाल, रामसूरत तिवारी, रज्जो देवी, मैनावती, श्रीदेवी, प्रभावती, फूलकली, साहिबा बानो, सकीला, रमेश कुमार, फतेह बहादुर, मिश्रीलाल, राम सजीवन, सुभाष, नारायण दुबे, कलावती, निशा, शकुंतला, ओमप्रकाश, जगन्नाथ मौर्या, कृष्णानंद उपाध्याय सहित सैकड़ों लोगों का एसडीएम ने बयान दर्ज कराया है |इस मामले में एसडीएम अनुराग प्रसाद ने बताया कि पारा राम के कार्ड धारकों की शिकायत के संबंध में जांच करवाई जा रही है |दो दिनों के भीतर जांच रिपोर्ट तलब की गई है |उनके मुताबिक दोषियों के विरुद्ध कार्यवाही की जाएगी।

# उत्तराखंड टीईटी में भी बैठे थे साल्वर, पुलिस के मुताबिक अयोध्या से गिरफ्तार साल्वर के पास मिला प्रवेश पत्र

अयोध्या |(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) उत्तर प्रदेश शिक्षक पात्रता परीक्षा में सेंध लगाने वाले साल्वर उत्तराखंड टीईटी में भी शामिल हुए थे |यह सच्चाई अयोध्या में गिरफ्तार किए गए साल्वर रमेश कुमार ने एसटीएफ को उपलब्ध कराई है |पुलिस के मुताबिक गिरफ्तार किये गये आरोपी रमेश के पास से उत्तराखंड विद्यालय शिक्षा परिषद रामनगर नैनीताल वर्ष 2021 का प्रवेश पत्र भी बरामद हुआ है |रमेश के मोबाइल की गैलरी में मिला प्रवेश पत्र पप्पू आर्या के नाम है, जिस पर रमेश कुमार की फोटो लगाई गई है। जांच से जुड़े एक अधिकारी की मानें तो एसटीएफ की ओर से दर्ज कराई गई प्राथमिकी में इसका स्पष्ट उल्लेख किया गया है कि गत 26 नवंबर को उत्तराखंड में हुई टीईटी परीक्षा में रमेश कुमार पप्पू आर्या की जगह परीक्षा दे रहा था |यह जानकारी चौंकाने वाली है, जिस पर गंभीरता से हुई जांच बड़ा राजफाश कर सकती है। रमेश के पास से मिले प्रवेश पत्र व अन्य साक्ष्यों को एसटीएफ ने कोतवाली नगर पुलिस के हवाले कर दिया गया है। रमेश कुमार का बयान सच है तो उत्तराखंड टीईटी की भी शुचिता पर सवाल खड़ा हो गया है |इस संबंध में एएसपी/सीओ सिटी पलाश बंसल का कहना है कि एसटीएफ की ओर से दर्ज कराई गई प्राथमिकी व उपलब्ध कराए गए साक्ष्यों के आधार पर जांच को आगे बढ़ाया जा रहा है। उत्तराखंड परीक्षा को लेकर अभियुक्त की ओर से दी गई जानकारी पर भी जांच कराई



जाएगी |टीईटी में जिले के पांच परीक्षा केंद्रों पर साल्वर परीक्षा दे रहे थे, जिसमें एक गुरुनानक कालेज भी है,जहां से एसटीएफ ने साल्वर संदीप वर्मा को गिरफ्तार किया था। संदीप यहां उमानंद के स्थान पर परीक्षा दे रहा था। संदीप को गिरफ्तार करने के बाद एसटीएफ ने कालेज के बाहर मौजूद उमानंद को भी गिरफ्तार करने का प्रयास किया, लेकिन कार्रवाई की भनक लगते ही वह रफूचक्कर हो गया। इसी तरह अन्य चार केंद्रों पर रंजीत कुमार की जगह अमन सिघ्ंह, अंकित कुमार की जगह धर्मदास, अनूप की जगह संतोष तिवारी व प्रबल सिघ्ंह चौहान के स्थान पर अजीत वर्मा साल्वर रहे। इन लोगों तक एसटीएफ पहुंचती इससे पहले टीईटी रद होने की अधिकृत सूचना परीक्षा केंद्रों पर पहुंच गई और अभ्यर्थियों को परीक्षा केंद्रों से मुक्त कर दिया गया |वही इस मौके पर निराशा और आक्रोश के बीच केंद्र से निकले परीक्षार्थियों की भीड़ में साल्वर भी केंद्र से निकल गए। शिक्षक पात्रता परीक्षा में अयोध्या आए साल्वर संदीप वर्मा और महेश के संपर्क में थे |संदीप सहित उसके सहयोगी रमेश और महेश को गिरफ्तारी के बाद पुलिस के लिए अब नामजद 17 अभियुक्तों तक पहुंचना चुनौती बना हुआ है |वही अभियुक्तों के पास मिले फर्जी आधार कार्ड व मतदाता पहचान पत्र यह संकेत देते हैं कि इस गिरोह की साठगांठ साइबर अपराधियों से भी है।

# यूपी–टीईटी पेपर लीक कांड में एक्शन सचिव परीक्षा नियामक सस्पेंड

अयोध्या |(डा.अजय तिवारी जिला संवाददाता) उत्तर प्रदेश शिक्षक पात्रता परीक्षा (यूपी–टीईटी) पेपर लीक प्रकरण की गाज सचिव परीक्षा नियामक प्राधिकारी संजय कुमार उपाध्याय पर गिरी है। शासन ने उन्हें निलंबित कर दिया है |परीक्षा शुरू होने से पहले पेपर लीक होने और यूपी–टीईटी को शुचितापूर्ण ढंग से संपादित न कराए जाने, गोपनीयता के उच्चस्तरीय मापदंडों का पालन न किए जाने के कारण सचिव अनामिका सिंह की ओर से 29 नवंबर को जारी निलंबन आदेश के अनुसार निलंबन अवधि में संजय कुमार उपाध्याय बेसिक शिक्षा निदेशक कार्यालय लखनऊ से संबद्ध रहेंगे। गौरतलब है कि 28 नवम्ध्बर को पेपर लीक होते ही इस मामले में सीएम योगी ने कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए थे |यूपी सरकार एक महीने के अंदर ही यूपी टीईटी परीक्षा का आयोजन करवाएगी |सचिव परीक्षा नियामक को शुचितापूर्ण, नकलविहीन और शांतिपूर्ण ढंग से यूपी–टीईटी न किए जाने का प्रथम दृष्टया दोषी पाया गया है। गौरतलब है कि 28 नवंबर को दो पालियों में प्रस्तावित यूपी–टीईटी का पेपर लीक होने के कारण परीक्षा निरस्त करनी पड़ी थी। इससे सरकार की काफी किरकिरी हुई थी। परीक्षा में 21 लाख से अधिक अभ्यर्थियों को सम्मिलित होना था |मालूम हो कि 28 नवम्ध्बर को टीईटी 2021 परीक्षा दो पालियों में होनी थी |प्रदेश भर में प्रथम पाली में दस से साढ़े बारह बजे तक 2554 केंद्रों पर प्राथमिक स्तर की परीक्षा का आयोजन किया जाना था और द्वितीय पाली में 2:30 से पांच बजे तक 1754 केंद्रों पर उच्च प्राथमिक स्तर की परीक्षा का आयोजन होना था। टीईटी प्राथमिक स्तर की परीक्षा के लिए 13.52 लाख और टीईटी उच्च प्राथमिक स्तर की परीक्षा के लिए 8.93 लाख अभ्यर्थियों ने रजिस्ट्रेशन कराया था |इससे पहले 2019 में आयोजित हुई यूपीटेट में 16 लाख और 2018 में आयोजित हुई इस परीक्षा में तकरीबन 11 लाख अभ्यर्थियों ने भा लिया था |टीईटी परीक्षा में पहली बार इतनी बड़ी संख्या में अभ्यर्थी भाग लेने जा रहे थे। लेकिन पेपर लीक होने की वजह से टीईटी परीक्षा को स्थगित करना पड़ा। टीईटी पर्चा लीक में एसटीएफ ने अभी तक करीब 30 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। सीएम योगी ने रासुका और गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं।

# रुदौली विधायक व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने संयुक्त रुप से किया कामाख्या धाम पुलिस चौकी का उद्घाटन

अयोध्या |(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या)जिले के रुदौली विधायक राम चन्दर यादव व एसएसपी शैलेश कुमार पाण्डेय ने संयुक्त रुप से फीता काटकर कामाख्या धाम पुलिस चौकी का उद्घाटन किया |मालूम हो कि यह जिले के दक्षिणी–पश्चिमी छोर पर गोमती के किनारे सिद्धपीठ मां कामाख्या धाम स्थित है |इस मौके पर विधायक रामचंद्र यादव व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शैलेश कुमार पाण्डेय ने मां गोमती की आरती उतारी |वही उद्घाटन समारोह में रुदौली विधायक रामचंद्र यादव ने कहा कि अपराध नियंत्रण के लिए यह पुलिस चौकी सहायक साबित होगी |चूंकि यह अमेठी जिले की सीमा है,जिसके चलते पुलिस के न होने पर लोग अपने को असुरक्षित महसूस कर रहे थे |अब यहाँ चौकी बनने से पुलिस की बिजविलटी बढेघ्गी |इससे अपराध भी कम होगा |इसके साथ ही साथ आमजन को दूरी से भी निजात मिलेगी |इस मौके पर विधायक बोले कि कामाख्या धाम को सुसज्जित व विकसित करने का निरंतर कार्य चल रहा है |वहाँ रोजाना शाम को गोमती पर आरती होती है, जो धाम की शोभा बढ़ाता है |इस मौके पर विधायक ने इस पुलिस चौकी की स्थापना के लिये वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शैलेश कुमार पांडेय व निवर्तमान थाना प्रभारी विश्वनाथ यादव का आभार जताया |विधायक श्री यादव के इस मांग पर की यहां चौकी की पुलिस के लिए सरकारी जीप की व्यवस्था मांग किया जिस पर एसएसपी ने मुहर लगाई |वही इसी कड़ी में एसएसपी शैलेश कुमार पांडेय ने कहा कि विधायक का प्रयास निश्चिंत ही रंग लाया |यहाँ भव्यता व दिव्यता से सुकून का आभास होता है |जब तीरे गोमती बहती हो तो धाम की शोभा और बढ़ जाती



है |लोगों को पुलिस से अपेक्षा ज्यादा होती हैं। इस चुनौती में जनसहयोग की भी महत्वपूर्ण भूमिका होती है |हर क्षेत्र में पुलिस की भूमिका अहम होती है |वही पुलिसकर्मी सफल है, जो जनता का सहयोग लेता रहता है |निष्पक्ष, निर्विवाद व ईमानदारी से हम सब पुलिस के लोग काम करेगे |तभी लोग जुड़ेंगे। पक्षपात करने पर पुलिस का आस्तिव खत्म हो जाता है। उन्होंने कहा कि सर्द शुरू हो गई है |पूर्व में गठित ग्राम सुरक्षा समितियों को सक्रिय कर दिया जाए। घूमंतुओं पर प्रतिबंध लगाने के लिए रात में भ्रमणशील रहें। संदिग्धों को देखते ही पूछताछ करें। बिना वजह कोई किसी गांव में नघ घुसने पाए |इस मौके एसडीएम स्वपनिल यादव,एएसपी पलाश बंसल, एसपी ग्रामीण अतुल सोनकर, सीओ सुरेंद्र तिवारी, निवर्तमान मवई थामा प्रभारी विश्वनाथ यादव, एसओ नीरज सिंह, एसएसआई रामचेत यादव, चौकी इंचार्ज प्रदीप यादव, उपनिरीक्षक सुजीत मौर्य, सप्लाई इंस्पेक्टर विनोद कुमार यादव, कांस्टेबल जितेंद्र राय, पूर्व प्रधान शेर बहादुर आदि रहे मौजूद।

# रामायण सर्किट से अयोध्या, नेपाल और श्रीलंका को जोड़ने की तैयारी – विशाल सिंह

अयोध्या |(अमित कुमार मणि त्रिपाठी बीकापुर संवाददाता) रामायण सर्किट से अयोध्या से नेपाल और श्रीलंका को जोड़ने की तैयारी सूत्र के मुताबिक चल रही है,जिसके लिए योजना ट्रिंग सिटी के तर्ज पर तैयार की जाएगी |भारत नेपाल और श्रीलंका 10 दिन की पर्यटन यात्रा की तैयारी में है |अवध मिथिला सम्मेलन में भाग लेकर वापस अयोध्या पहुंचे विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष विशाल सिंह ने बताया कि रामायण सर्किट के योजना में श्रीलंका को जोड़े जाने की बात तय हुई है |2 दिन अवध मिथिला सम्मेलन में अयोध्या जनकपुर और श्रीलंका के प्रतिनिधियों में हुई अयोध्या से जनकपुर को जोड़े जाने के लिए रामायण सर्किट योजना प्रस्तावित है |बीते दिनों जनकपुर नेपाल से अयोध्या के लिए बस यात्रा प्रारंभ हुई थी, जिसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जनकपुर से हरी झंडी दिखा कर अयोध्या के लिए रवाना किया था और खुद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उसका स्वागत अयोध्या में किया था |लेकिन कोरोना काल के वजह से जनकपुर अयोध्या बस यात्रा रोक दी गई थी |अब रामायण सर्किट के अंतर्गत इसका दायरा और बढ़ाया जाएगा और जनकपुर के अलावा श्रीलंका को भी रामायण सर्किट से जोड़ा जायेगा |इतना ही नहीं अयोध्या को केंद्र बनाकर के विदेशी मेहमानों को जनकपुर से श्रीलंका की यात्रा कराई जाएगी और जल्द ही अयोध्या में हवाई सेवा प्रारंभ होने के साथ ही इस पूरी योजना को हवाई यात्रा से भी जोड़ा जाएगा |अवध मिथिला सम्मेलन में भाग लेकर अयोध्या पहुंचे विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष और अयोध्या नगर निगम के नगर आयुक्त विशाल सिंह ने बताया कि 2014 में जनकपुर और अयोध्या को ग्रीन सिटी के रूप में विकसित करने का निर्णय लिया गया था। भारत सरकार और नेपाल सरकार द्वारा उसके उपरांत उस पर बस व्यवस्था भी प्रारंभ की गई थी |अयोध्या से नेपाल की जो कोविड–19 के



कारण से बंद कर दी गई थी और इसके अलावा भी यह बहुत ही महत्वपूर्ण स्थान है |मिथिला का जनकपुर धाम और जनकपुर धाम के विकास की जो परियोजना है उस पर हम लोगों का ध्यान उस पर आकर्षित किया गया |अवध मिथिला इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस पर और अयोध्या के विकास का खाका जो माननीय मुख्यमंत्री के निर्देशन में तैयार किया गया है |उसका वहां प्रस्तुतीकरण किया गया, जिसे सभी लोगों ने काफी प्रोत्साहन किया और श्रीलंका के राजदूत थे उनको हम लोगों ने बताया कि श्रीलंका भी अब हमारे लिए तीर्थ स्थल है और उसके साथ जुड़ी हुई जो भ्रांतियां हैं, वह गलत है |हम सब मिलकर इस रामायण सर्किट को विकसित करेंगे एक जगह पर हुए विकास अगर ऐसे हुए हैं तो उनको रिप्लिकेशन से किया जाएगा. उन्होंने कहा कि जैसे ही अयोध्या का एयरपोर्ट शुरू होगा और अगर डिमांड आया की अयोध्या से जनकपुर के लिए हवाई सेवा प्रारंभ किया जाए तो उस पर ही हम लोग शीघ्र ही प्रयास करेंगे।

# यूपी विधानसभा चुनाव को लेकर भाजपा ने पूरी तरह से कमर कसी

अयोध्या |(सरवन कुमार नगर संवाददाता अयोध्या) भाजपा यूपी विधानसभा चुनाव को लेकर भाजपा ने पूरी तरह से कमर कस ली है। सोमवार को अयोध्या जिले की मिल्कीपुर विधानसभा के विस्घ्तारकों, सेक्टर प्रभारियों एवं शक्ति केंद्र प्रमुखों की बैठक हुई। भाजपा के राष्ट्रीय मंत्री सत्या कुमार ने यहां पर भाजपा के पदाधिकारियों को जीत का गुरुमंत्र दिया। बूथ स्घ्तर पर पार्टी को किस तरह से मजबूत बनाना है और इसके साथ ही भाजपा सरकार की उपलब्धियों और जन–कल्घ्याणकारी योजनाओं से मिलने वाले फायदे के बारे में शहर से लेकर गांव तक पहुंचा कर वोट बैंक को मजबूत करने के लिए उन्घ्होंने कमर कसने के निर्देश दिए। 2022 के विधानसभा चुनाव की तैयारियों पर जोर देने के लिए बैठक में पहुंचे राष्ट्रीय मंत्री ने बैठक का शुभारंभ किया। इस अवसर पर भाजपा के राष्ट्रीय मंत्री एवं प्रदेश सह प्रभारी ने कहा कि 2022 के विधानसभा चुनाव की तैयारियों की दृष्टि से बैठक का आयोजन किया गया है |हर कार्यकर्ता पूरे मनोयोग के साथ कर रहा काम उन्घ्होंने कहा कि जनता ने बहुमत देकर सरकार चलाने का अवसर दिया है। पहले से बेहतर कार्य हो सके इसे लेकर विभिन्घ्न क्षेत्रों की बैठक कर रणनीति तैयार की जा रही है। हमारा हर कार्यकर्ता पूरे मनोयोग के साथ कार्य कर रहा है। जिलाध्यक्ष संजीव सिंह ने कहा कि हम जातिवाद की बात ही नहीं करते हैं। भाजपा सबका साथ, सबका विकास की बात करती है। सबका विश्घ्वास, सबका प्रयास। सभी को समाघहित करते हैं, तो विपक्ष हम पर तंज कस रहा है। हम उसमें के नहीं हैं, कि कहें हमारी बेटी, उसका कल और जब पंजीकरण कराने जाएं तो बताया जाता है |आलोचना करने के लिए आलोचना हो रही है, तो जनता सब समझती है |जनता भी समझ रही है कि विपक्ष के पास कोई मुद्दा नहीं है |इस बात से कौन इंकार कर सकता है कि चुनावी साल है। देश में मजबूत लोकतंत्र है, इसलिए हर पांच साल में चुनाव होने हैं। मायावती और अखिलेश यादव के ट्वीट पर तंज कसते हुए उन्घ्होंने कहा कि उनके पास ट्वीट के अलावा और कोई काम नहीं है। हम सबकी बात करते हैं, तो सबको जोड़ना पड़ेगा। वो जाति की बात करते हैं और हम समाज की बात करते हैं। आतंकियों के पक्ष में खड़े होने वाली पार्टियों को निशाने पर लेते हुए उन्घ्होंने कहा कि राजनीतिक पार्टियां राजनीति पर बात करें। आतंकियों पर कार्रवाई करने की जिम्घ्मेदारी पुलिस, सुरक्षा एजेंसियों और जांच एजेंसियों की है। वे आतंकियों और इस तरह के लोगों के पक्ष में क्घ्यों खड़े हो रहे हैं। कार्यक्रम में विधायक बाबा गोरखनाथ जिला अध्यक्ष संजीव सिंह क्षेत्रीय मंत्री कमलेश श्रीवास्तव जिला महामंत्री राधेश्याम त्यागी, अशोक कसौधन जिलामीडिया प्रभारी डॉ रजनीश सिंह अमानीगंज मंडल अध्यक्ष देवेंद्र सिंह कुमारगंज मडल अध्यक्ष बंशीधर शर्मा समेत सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# वक्फ की सुरक्षा विकास एवं उसका सफल संचालन करना मुतावल्ली की नैतिक एवं कानूनी जिम्मेदारी है – मौलाना रजा हुसैन

अयोध्या |(सरवन कुमार नगर संवाददाता अयोध्या) वक्फ की सुरक्षा विकास एवं उसका सफल संचालन करना मुतावल्ली की नैतिक एवं कानूनी जिम्मेदारी है |औकाफ अल्लाह, रसूल और मासूमीन की अमानते हैं अमानत में खयानत करना न हीं सिर्फ धार्मिक बल्कि एक सभ्य समाज में भी जुर्म माना जाता है |उक्त बातें उत्तर प्रदेश शिया सेंट्रल वक्फ बोर्ड के सदस्य हुज्जतुल इस्लाम मौलाना रजा हुसैन ने वक्फ मस्जिद हसन रजा खा ,चौक, फैजाबाद की 61वी प्रबंधा समिति की बैठक को संबोधित करते हुए कहीं। प्रबंध समिति के सदस्य रिजवान मेहदी, डॉ सैयद कैफ रिजवी, मुर्तुजा तालिब एवं हसन रजा ने अपने–अपने द्वारा संपादित कार्यक्रमों का विस्तृत खर्च विवरण प्रस्तुत किया। जिसे सर्वसम्मति से पास किया गया। मस्जिद के मुतावल्ली डॉक्टर मिर्जा शहाब शाह ने वक्फ बोर्ड सदस्य मौलाना रजा हुसैन को मस्जिद की समस्त गतिविधियों एवं कार्यशैली से अवगत कराते हुए समस्त अभिलेखों का निरीक्षण कराया। प्रबंधा समिति की कार्यशैली एवं अभिलेखों को देखकर बोर्ड सदस्य मौलाना रजा हुसैन अत्यधिक प्रभावित हुए और प्रबंध समिति के सदस्यों के कार्यों की प्रशंसा की |सभा का शुभारंभ मस्जिद के पेश इमाम मौलाना सैयद हैदर अली ताबिश ने तिलावते कुरान एवं हदीसे किसा से किया। प्रबंध समिति के अध्यक्ष मौलाना मोहम्मद हुज्जत ने अतिथियों को धन्यवाद ज्ञापित किया। इमामे जुमा और जमात मौलाना जाफर रजा ने दुआएं खैर की। मस्जिद के पेश इमाम मौलाना मोहम्मद मोहसिन ने मुख्य अतिथि मौलाना रजा हुसैन सदस्य शिया वक्फ बोर्ड एवं विशिष्ट अतिथि मौलाना शाहिद हुसैन को मस्जिद की समस्त गतिविधियों को विस्तार से बताया। सभा का संचालन मुतावल्ली डॉक्टर मिर्जा शहाब शाह ने किया इस अवसर पर मस्जिद के नायब इमाम मौलाना जफर अब्बास, मौलाना मिर्जा जफर अब्बास ताजियादार कमेटी के पूर्व अध्यक्ष मुनीर आब्दी, पार्षद प्रतिनिधि रिजवी, रिजवान हसनैन ,सदस्य मिर्जा मोहम्मद अब्बास, मुश्फिक तौकीर जैदी एडवोकेट, हसन अब्बास, मोहम्मद मेहंदी आफाक ,शिराज, सफी हैदर, अर्शी, सैफ अली खान ,मोहम्मद अशरफ आदि उपस्थित रहे।

# स्वच्छता से गांधी के सपनों का भारत निर्माण करें :स्वच्छता से स्वस्थ व समृद्ध भारत बनेगा –आर एन यादव

अयोध्या |(अमित कुमार मणि त्रिपाठी बीकापुर संवाददाता) परिक्षेत्रीय कार्यालय के निर्देश पर मण्डल के प्रवर अधीक्षक डाकघर आर एन यादव की अध्यक्षता में अधिकारियों ने कर्मचारियों के साथ मिलकर स्वच्छता अभियान के अंतर्गत प्रधान डाकघर फैजाबाद, तथा मण्डलीय कार्यालय में साफ सफाई किया |इसके साथ ही डाकघर में आये ग्राहकों को आसपास साफ सफाई के साथ साथ कोविड़–19 से बचाव के लिए परस्पर दूरी, सैनिटाइजर एवं मास्क के लिए जागरूक किया गया |इस दौरान प्रवर अधीक्षक डाकघर श्री यादव ने कार्यालय की सुंदरता को सवारने के लिए एक एक कर्मचारी को सफाई के लिए मार्ग दर्शित करते हुए कहा कि भारत को स्वच्छ रखकर महात्मा गांधी के सपनों के भारत का निर्माण होगा । हम सब को खुद को स्वच्छ रखते हुए आसपास के सार्वजनिक स्थलो पर गन्दगी फैलाने वालों तथा बीमारी से लड़ने के लिए जागरूक करने की आवश्यकता है जिससे महात्मा गांधी के सपनों का भारत निर्माण किया जा सके |इसके साथ ही साथ उन्होने यह भी कहा कि भारत स्वच्छ अभियान में डाक कर्मी द्वारा समय समय लोगो को जागरूक करने का अभियान भी चला रहा जिससे भारत को बीमारियों से मुक्त, एवं स्वच्छ रखकर प्रदूषण मुक्त बनाया जा सके । साथ ही यह भी कहा कि प्रधानमंत्री ने पुनः भारत को स्वच्छ बनाने का सपना संजोया है उनका साथ ही भारत को बीमारी मुक्त, स्वस्थ भारत, समृद्ध भारत बनाएगा और बताया कि गन्दगी के कारण देश में तरह तरह की बिमारी जन्म ले रही है इसकी लड़ाई हम अपने आस पास की साफ सफाई करके ही बीमारियों को दूर भगा सकते है इसके लिए हमे अपने घरो एवं उसके आस पास से ही साफ सफाई की शुरुआत करनी चाहिए। इस अवसर पर सीनियर पोस्टमास्टर एस आर गुप्ता, जय प्रकाश, अल्का गौड़, धीरेंद्र दुबे, जय शंकर प्रसाद वर्मा, अनुज यादव, अजीत सिंह पंकज सिंह, सहित दर्जनों डाक कर्मी सफाई में मौजूद रहे।

# निमंत्रण खाने गया किशोर हर्ष फायरिंग में लाइसेंसी बन्दूक से चली गोली से हुआ घायल : तारुन सीएचसी पर चल रहा इलाज

अयोध्या |(अमित कुमार मणि त्रिपाठी बीकापुर संवाददाता) |जिले के रामपुर भगन पुलिस चौकी क्षेत्र के परसावा महोला गांव पंचायत के हरीपुर गांव में राम सकल वर्मा नामक व्यकित के घर बेटे की शादी की खुशी में सोमवार की रात आयोजित प्रीत भोज में हुई हर्ष फायरिंग के चलते निमंत्रण खाने गया किशोर समारोह में लाइसेंसी बन्दूक से चली गोली लगने से घायल हो गया |जिससे कार्यक्रम की खुशियां आफत में बदल गयी। घटना की सूचना घायल किशोर के पिता ने रात कप्तान को दी तो कप्तान के हस्तक्षेप के बाद आसपास थानों की पुलिस हरकत में आ गयी और देखते ही देखते बड़ी संख्या में कई थानों की पुलिस के साथ 112 पुलिस मौके पर पहुँच गयी |घायल किशोर को तत्काल इलाज को पुलिस ने पीआरवी वाहन से तारुन सीएचसी में लाकर भर्ती कराया जहाँ उसका इलाज चल रहा है और हालत स्थिर बतायी गयी है। चर्चा है कि नशे में होने के कारण लापरवाही बस ये घटना हुई। पुलिस ने दूल्हे के फूफा माता प्रसाद वर्मा, व उनके लाईसेंसी बंदूकधारी दोस्त वेद प्रकाश दुबे निवासी ग्राम अहिरौला थाना हैदरगंज सहित दूल्हे के पिता को पूछताछ हेतु पुलिस ने हिरासत में लिया है |घायल किशोर के पिता ने उपरोक्त दोनों लोगो के अलावा नाहरपुर के सुनील कुमार व महोला निवासी जय प्रकाश वर्मा उर्फ भोंदू को घटना का गुनाहगार माना है और सभी चारो लोगो के विरुद्ध पुलिस में शिकायत करने की बात किशोर के पिता दीपक कुमार निषाद ने की है |इस संबंध में पुलिस क्षेत्राधिकारी बीकापुर सतेंद्र भूषण त्रिपाठी पूछताछ को हिरासत में लिए गये लोगो की भूमिका की जांच व कानून व्यवस्था तथा अमन चौन बनाये रखने को गांव की निगहबानी कर रहे हैं |वही चौकी प्रभारी रामपुर भगन बृजेन्द्र पाल ने बताया कि प्रकरण में पीड़ित की ओर से दिये गये शिकायती पत्र के आधार पर पुलिस कार्यवाही करेगी।

# ट्रैक्टर के रोटावेटर में फंसकर युवक का पैर जख्मी

अयोध्या |(डा.अजय तिवारी जिला संवाददाता)जिले के मवई थाना क्षेत्र के ग्राम तालगांव में ट्रैक्टर के रोटावेटर में फंसकर एक युवक का एक पैर बुरी तरह जख्मी हो गया |जिसे उपचार हेतु तत्काल जगदीशपुर ले जाया गया |जहां चिकित्सकों ने उसे लखनऊ रेफर कर दिया। इस संबंध में प्रधान प्रतिनिधि दीपक अरुण तिवारी के मुताबिक गांव निवासी बिंद कुमार पांडेय का लगभग 18 वर्षीय पुत्र स्वदेश पांडेय रविवार की शाम खेत की जुताई कर रहा था |इस दौरान अचानक उसका पैर ट्रैक्टर के रोटावेटर मे फंस गया |युवक की चीख पुकार सुनकर आसपास के खेतों में काम कर रहे लोगों ने मौके पर पहुंचकर काफी मशक्कत के बाद रोटावेटर में फंसे जख्मी युवक को बाहर निकाला और घटना की सूचना परिजनों को दी |परिजन तत्काल उसे जगदीशपुर के सूर्या अस्पताल ले गए |जहां चिकित्सकों ने हालत गंभीर देख लखनऊ रेफर कर दिया।

सम्पादक मंडल

पं. लाल साहब उपाध्याय (सत्यवेदानन्द जी), बाबा शक्ति नाथ (ज्योतिषाचार्य)श्री विजय कुमार तिवारी, श्री दीपचन्द्र मौर्य (एडवोकेट), श्री सुभाष चन्द्र सेठ,श्री ऋषिकेश द्विवेदी, श्री शिवशंकर तिवारी

प्रमुख कार्यालय– हिन्दी साप्ताहिक " देश की उपासना"

पता–ई 3464,राजाजी पुरम्(निकट मिनी स्टेडियम) लखनऊ उ0प्र0

**लखनऊ सम्पादक– श्री पी0सी0श्रीवास्तव मों0 9415545107**

स्वात्वाधिकारी की ओर से में0 प्रभुदयाल प्रकाशन के लिए श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव पत्नी श्री प्रभुदयाल श्रीवास्तव मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक द्वारा देश की उपासना प्रेस, उपासना भवन, धर्मसारी, प्रेमापुर, जौनपुर उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं प्रकाशित।

सम्पादक

**श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव**

सह सम्पादक

**श्रीमती हेमा त्रिपाठी**

**मो0–7007415808,9628325542,9415034002**

**RNI** सन्दर्भ संख्या – 24/234/2019/**R-1**

deshkiupasanadailynews@gmail.com

**उपरोक्त सभी पद अवैतनिक है,समाचार पत्र में प्रकाशित लेख/समाचारों से सम्पादक की सहमति अनिवार्य नही**

समाचार–पत्र से सम्बन्धित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जौनपुर न्यायलय होगा।